हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 30.12.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 155 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

# नववर्ष का उपहार
## सरकारी नौकरी लगातार


JSSC द्वारा आयोजित
CGL परीक्षा में
चयनित 1,910 अभ्यर्थियों
का

# नियुक्ति पत्र
## वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सम्मानित अतिथि
**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग,
वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं
कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग




30 दिसंबर, 2025 | अपराह्न 01:30 बजे से
मोरहाबादी मैदान, रांची

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 369656 (IPRD) 25-26

## एक नजर

### दनुआ घाटी में भीषण सड़क हादसा, एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल



**चौपारण :** मौत की घाटी के नाम से कुख्यात दनुआ घाटी में सोमवार को एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। अनियंत्रित मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे दनुआ घाटी के खतरनाक ढलान और तीखे मोड़ के पास पहुंचे, बाइक असंतुलित होकर सड़क से फिसल गई और तीनों युवक दूर जा गिरे। इस दर्दनाक हादसे में मृतक की पहचान सुमित कुमार के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवकों की पहचान राजा कुमार एवं लक्की कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही एनएचएआई एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गौरतलब है कि दनुआ घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं प्रशासन और यात्रियों दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। स्थानीय लोग यहां सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

### सल्फास जहर खाने से एक व्यक्ति की मौत

**बरही :** बरही अनुमंडल क्षेत्र के चौपारण प्रखंड के गोविंदपुर गांव के एक व्यक्ति के सल्फास गोली खाने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति ट्रक मालिक था। ट्रक के कारण कुछ बाजार में कर्ज.हो गया था जिसके कारण हमेशा वह तनाव में रहता था। अत्यधिक तनाव होने के कारण सोमवार को सल्फास जहर की गोली खाने से स्थिति गंभीर हो गई। ग्रामीणों के मदद से इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत होने से परिजनों का रो रो बुरा है।

### कड़ाके की ठंड ने छीनी जान, मीना देवी की मौत से गांव में मातम

**चौपारण :** प्रखंड के सिंघरावा पंचायत अंतर्गत ग्राम टिटही में कड़ाके की ठंड ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। जानकारी के अनुसार करीब 60 वर्षीय मीना देवी, पति गोविंद भुइयां की ठंड लगने से मौत हो गई। इस दु:खद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलने पर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### केरेडारी में जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के सभागर में जन्म मृत्यु निबंधन संबंधी का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मुलिन मरांडी थे। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ जिला सांख्यिकी पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी केरेडारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, मुलिन मरांडी द्वारा शत प्रतिशत जन्म तथा मृत्यु निबंधन के लक्ष्य को पूरा करने पर बल दिया गया। जन्म मृत्यु निबंध संबंधी सभी धाराओं को विस्तार पूर्वक समझाया गया साथ ही प्रशिक्षण के दौरान निबंधन में आ रही कठिनाइयों पर भी बात की गई एवं उसका समाधान सुझाया गया ताकि त्रुटिरहित निबंधन तथा आंकड़ों का संधारण किया जा सके। कार्यक्रम में प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक तैयब हुसैन, मुखिया जी तथा आंगनबाड़ी सेविका उपस्थिति रहीं।

# हजारीबाग प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सांसद ने दी बधाई, शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। रविवार को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुए हजारीबाग प्रेस क्लब चुनाव के बाद सोमवार को नवनिर्वाचित टीम ने हजारीबाग शहर के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित सांसद सेवा कार्यालय में सांसद मनीष जायसवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग प्रेस क्लब के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उपस्थित हजारीबाग प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों को भी उन्होंने सम्मानित किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित टीम पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी और पत्रकार हितों की रक्षा एवं मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। इस दौरान सांसद और पत्रकारों के बीच पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद भी हुआ। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों ने सांसद मनीष जायसवाल को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि हजारीबाग प्रेस क्लब का चुनाव रविवार की देर रात शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था। चुनाव में अध्यक्ष पद पर मुरारी सिंह, सचिव पद पर दीपक सिंह, उपाध्यक्ष पद पर सीतेश तिवारी, संयुक्त सचिव पद पर भास्कर उपाध्याय तथा कोषाध्यक्ष पद पर सागर कुमार निर्वाचित हुए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि सिंह, अपराजिता पाण्डेय, शशांक शेखर, गौरव प्रकाश, सुशांत सोनी, अभिषेक पाण्डेय, एजाज आलम, प्रदीप कुमार सिन्हा, अर्जुन टुडू एवं अनिल कुमार ने जीत दर्ज की। उक्त अवसर पर विशेषरूप से वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा गुप्ता, विकास सिंह, फैज अनवर, रितेश खण्डेलवाल, कमाल, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, अनिल मिश्रा, गणेश सीटू, अजय कुमार साहू, रंजीत यादव, विजय वर्मा, किशोरी राणा, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहें।

## शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी की स्मृति में अखंड पाठ साहिब का आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भारतीय सेना के वीर सपूत शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी की पावन स्मृति में श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव के साथ श्री अखंड पाठ साहिब जी का आयोजन किया गया। यह पावन पाठ 27 दिसंबर 2025 से आरंभ होकर 29 दिसंबर 2025 तक लगातार चला। अखंड पाठ साहिब की समाप्ति दोपहर 12:00 बजे से 1:30 बजे के बीच विधिवत अरदास के साथ संपन्न हुई.इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर पूर्णतः श्रद्धालुओं से भरा रहा। शहीद को नमन करने हेतु बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही, जिनमें भारतीय सेना के जवानों की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सेना के जवानों ने शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस एवं देशभक्ति को नमन किया। अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर गुरुद्वारा परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें संगत ने सेवा भाव के साथ भाग लिया। लंगर में सभी वर्गों के लोगों ने बिना किसी भेदभाव के पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया, जो सिख परंपरा की समानता और सेवा की भावना को दर्शाता है।

## कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया, मनरेगा बचाने का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** प्रखंड के कांग्रेस कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की, जबकि सभा का संचालन कांग्रेस नेता उदय केशरी ने किया। इस अवसर पर प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसियों ने मनरेगा जैसी ग्रामीण रोजगार योजनाओं को बचाने का संकल्प लिया और महात्मा गांधी के नाम और उनके सिद्धांतों को कभी मिटने न देने का प्रण किया। सभा में जनता से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और पार्टी की नीतियों व योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक गरीबों, मजदूरों, किसानों और वंचितों की आवाज रही है। आज बरही में हम सभी कार्यकताओं ने मिलकर झंडारोहण किया और संकल्प लिया कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को किसी भी कीमत पर बचाएंगे, क्योंकि यह ग्रामीण मजदूरों की जीवनरेखा है। साथ ही हम महात्मा गांधी के नाम और उनके सिद्धांतों को कभी मिटने नहीं देंगे। गांधीजी के विचार ही कांग्रेस की आत्मा हैं। आज की सभा में हमने जनता के कई मुद्दों पर चर्चा की और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## अदाणी फाउंडेशन की निःशुल्क एंबुलेंस ने अब तक बचाई 387 जिंदगियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की निःशुल्क एम्बुलेंस ने अब तक 387 मरीजों की जिंदगियां बचाई हैं। इसी एम्बुलेंस के जरिए पिछले तीन महीनों में ही बेहतर इलाज के लिए 25 मरीजों को हजारीबाग सदर अस्पताल और तीन मरीजों को रांची के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इससे प्रखंड के विभिन्न गांव के लोगों को काफी राहत मिली है। पिछले दिनों ही बड़कागांव प्रखंड के छवनिया पुल के नीचे एक छात्र के अचेत अवस्था में मिलने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई थी। सूचना मिलते ही अदाणी फाउंडेशन की इमरजेंसी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को तत्काल बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। समय पर की गई इस त्वरित कार्रवाई से छात्र की जान बच सकी। इस पूरे घटनाक्रम में अदाणी फाउंडेशन की इमरजेंसी एंबुलेंस की भूमिका निर्णायक साबित हुई। उल्लेखनीय है कि अदाणी फाउंडेशन की ओर से पिछले चार वर्षों से गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा क्षेत्र के सुदूर गांवों के लिए किसी जीवनरेखा से कम नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आपात स्थिति में समय पर अस्पताल पहुंचाना एक बड़ी चुनौती होती है। जिसे अदाणी फाउंडेशन की इस पहल ने काफी हद तक दूर किया है। आंकड़ों के मुताबिक, इस एंबुलेंस सेवा के माध्यम से अब तक कुल 387 आपातकालीन मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इनमें पिछले तीन महीनों में 25 मरीजों को हजारीबाग और 3 मरीजों को रांची रेफर किया गया। एंबुलेंस सेवा से जिन मामलों में लोगों की जान बची, उनमें सांप काटने, छत से गिरने, बिजली के करंट लगने, पेड़ से गिरने, प्रसव के मामले सहित अन्य गंभीर आपात स्थितियां शामिल हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अदाणी फाउंडेशन की यह निःशुल्क एंबुलेंस सेवा खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है। समय पर अस्पताल पहुंचने से न केवल जान बची, बल्कि इलाज का खर्च और मानसिक तनाव भी कम हुआ।

## आर्यन बादल ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय युवा महोत्सव में करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के 15 नंबर मुख्य चौक निवासी आर्यन बादल ने अपनी असाधारण प्रतिभा और निरंतर परिश्रम के बल पर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। आर्यन बादल ने डिक्लेमेशन श्रेणी में जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का गौरव हासिल किया है। आर्यन बादल, सहायक शिक्षक बसंत कुमार एवं माता सीमा देवी के सुपुत्र हैं तथा स्व. शिवराम एवं कोयली देवी के पौत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे बड़कागांव क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। राज्य स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपरांत आर्यन को पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। इस उल्लेखनीय सफलता के साथ आर्यन बादल को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025-26 में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। यह प्रतिष्ठित आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जहां आर्यन राज्य की आवाज के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि आर्यन बादल बड़कागांव प्रखंड से राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले प्रतिभागी बन गए हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है और यह क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरी है।

# युवा साथी झारखंड का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न, सदस्यों को मिला प्रमाण पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** युवा साथी झारखंड संस्था द्वारा रविवार को प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जवाहर घाट, बरही में वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2025 के दौरान संस्था द्वारा किए गए सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई, वहीं आगामी वर्ष 2026 की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समारोह की अध्यक्षता संस्था के सदस्य संजय मेहता ने की। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवा साथी झारखंड हमेशा समाज के हित, सम्मान और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करता रहा है। ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा, सहयोग और एकजुटता को बल मिलता है तथा व्यस्त जीवन में मानसिक स्फूर्ति और नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संस्था द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाना चाहिए, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, कला-संस्कृति और रोजगार जैसे क्षेत्रों में आपसी समन्वय और सहयोग के माध्यम से समाज को सशक्त बनाया जा सके। संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि युवा साथी झारखंड समाज सेवा और सामाजिक उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। आपसी संवाद, विचार-विमर्श और मनोरंजन के माध्यम से सदस्यों के बीच संबंध और मजबूत हुए। डीजे की मधुर धुनों पर जमकर नृत्य हुआ, जिससे पूरा माहौल उल्लास और उमंग से भर गया। समारोह में अध्यक्ष के हाथों संस्था के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं पुराने साथियों को पुनः संस्था से जोड़ा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष सरफराज खान, उप सचिव आशीष यादव, सोशल मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष अजय मेहता, महामंत्री सहजाद आलम, संरक्षक सतीश गुप्ता, महासचिव विकास यादव सहित दीपेश कुमार, सचिन, परमेश्वर, नफील इमरोज, शहाबुद्दीन, गुलाम, सहमद, विजय, नईम, शंकर, जुनैद, अनुपम, पंकज, अजय कुशवाहा, गौतम, प्रकाश, शकील, कौशल, अनिल यादव, अमित, रवि, रेवल, आनंद, शाहिद, वसीम, नेहाल, रहमत, प्रेमचंद, मुकेश, दीपक यादव, दुर्गी, विनोद, विक्की, मुकेश पासवान, अफसर, हेमंत, समसाद, सुजीत, प्रदीप, रिजवान, संदीप, आदित्य, लोकेश, पिंटू सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को सूकर व ब्रायलर चूजा वितरण



**हजारीबाग :** जिला पशुपालन विभाग, हजारीबाग द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2024-25 के तहत पदमा प्रखंड के चयनित लाभुकों के बीच सूकर विकास योजना एवं ब्रायलर चूजा वितरण योजना के अंतर्गत सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना तथा उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। इन योजनाओं के माध्यम से लाभुकों को आधुनिक पशुपालन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई, साथ ही पशुपालन से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। लाभुकों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगी। इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रीता चौधरी, पदमा प्रखंड के अन्य पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रिंस राज, पशुधन सहायक महेश कुमार, ललन कुमार यादव उर्फ लालू एवं छोटन कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### चौपारण संच की आचार्य अभ्यास वर्ग में सत्संग मंडली निर्माण पर चर्चा



**चौपारण :** एकल अभियान संच चौपारण का मासिक अभ्यास वर्ग साहू भवन चौपारण में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय युवा प्रमुख राजू कुमार पांडे जी एवं अंचल अभियान प्रमुख विनोद कुमार, प्रखंड अध्यक्ष शेखर गुप्ता एवं संच सचिव बच्चु भैया जी एवं सच कोषाध्यक्ष बबलू भैया जी एवं संच युवा प्रमुख सोनू भैया एवं उप संच हरिजन कर्मा के उप संच प्रभारी मिथुन कुमार में उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत ओमकार गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, विजय महामंत्र हनुमान चालीसा के साथ हुई। संच प्रमुख नंद केसरी देवी ने सभी अतिथियों का परिचय करवाया। और उप संच में होने वाली सत्संग प्रतियोगिता पर संच व्यास प्रेम दागी जी के द्वारा जानकारी दी गई। सभी लोगों ने बारी-बारी से अपनी विषयों को रखें। मौके पर सभी आचार्यों को उपस्थिति रही।

### अवधेश मिश्रा कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति के प्रखंड अध्यक्ष बने




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की प्रखंड स्तरीय चुनाव बुढ़वा महादेव के प्रांगण में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता ईश्वरी पांडेय एवं संचालन बद्रीनाथ पांडेय ने किया। जिसमें पर्यवेक्षक चुनाव प्रभारी के रूप में तुलेश्वर पांडेय, दामोदर मिश्रा प्रदेश संरक्षक, सरोज पांडेय प्रदेश कोषाध्यक्ष, सच्चिदानंद पांडेय प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष अवधेश मिश्रा, सचिव कुमुद पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद पांडेय चुने गए। एवं 15 सदस्य कार्यकारिणी सदस्य भी चुने गए। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी बद्रीनाथ पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, कुलेश्वर मिश्रा अध्यक्ष केरेडारी, मदन पांडेय, रमनेश मिश्रा, उपेंद्र पांडेय, विनय पांडेय, सुखदेव पांडेय ,रंजन कुमार पांडेय,गौतम पांडेय, जितेंद्र पांडे शंकर मिश्रा पंकज कुमार पांडेय ,मनोज पांडेय ,राधा कृष्ण पांडेय, मदन मोहन पांडेय ,रंजन पांडेय ,रामकुमार पांडे अर्जुन पांडेय,आशीष पांडेय, उदय पांडेय ,पवन तिवारी अर्जुन पांडे उपस्थित थे।

### मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा 150 जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में युवाओं के द्वारा संचालित मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा बढ़ते ठंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था के द्वारा बादम सहित महुगाई और इस्लामपुर में भी कंबल का वितरण किया गया। संस्था से जुड़े युवाओं ने बताया के समय समय पर संस्था के द्वारा जरूरतमंद लोगों के मदद का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष 150 जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। इस कड़ाके की सर्दी में आर्थिक तंगी के कारण जो लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े नहीं ले पाते हैं वैसे लोगों के लिए संस्था आगे आई है। संस्था के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण समय समय पर किया जाता है। जरूरतमंद लड़की की शादी के समय भी संस्था के द्वारा आर्थिक रूप से सहयोग किया जाता है। गंभीर बीमारी से जूझ रहे गरीब जरूरतमंदों के इलाज के लिए भी संस्था के द्वारा सहयोग दिया जाता है। बताते चलें के ये संस्था पूर्ण रूप से युवाओं के निजी सहयोग से संचालित हो रहा।

हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 30.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 155 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति

# भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों में संथाल समाज के लोग रहते हैं : द्रौपदी मुर्मू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**पूर्वी सिंहभूम :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को जमशेदपुर के करनडीह स्थित दिशोम जाहेरथान प्रांगण में आयोजित 22वें संताली 'परसी माहा' एवं ओल चिकी लिपि शताब्दी समारोह में संथाली भाषा में गीत गाकर माहौल को सुरमयी बना दिया। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत संथाली नेहोर गीत 'जोहार जोहार आयो...' से की, जिसे उन्होंने लगभग तीन मिनट तक गाया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोग मंत्रमुग्ध होकर राष्ट्रपति को सुनते रहे।

ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन और दिशोम जाहेरथान कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि करनडीह आने से पहले उन्होंने जाहेर आयो को नमन किया और गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के लोगों का प्रेम और इष्टदेवों का आशीर्वाद ही उन्हें इस मुकाम तक लेकर आया है।

राष्ट्रपति ने ओल चिकी लिपि को संथाली समाज की पहचान, आत्मसम्मान और एकता का मजबूत आधार बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन वर्षों से आदिवासी स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। राष्ट्रपति ने संविधान के संथाली (ओल चिकी) अनुवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कानून और अधिकारों की जानकारी मातृभाषा में होती है, तब समाज सशक्त बनता है और अज्ञानवश निर्दोष लोगों को सजा से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संथाली भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है, इसलिए देश को चलाने वाले नियम और कानून की जानकारी भी संथाली समाज को अपनी भाषा में मिलनी चाहिए। उन्होंने चिंता जताई कि कानून की जानकारी के अभाव में कई निर्दोष लोग जेल तक पहुंचे हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों में संथाल समाज के लोग रहते हैं और शिक्षित युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अपने अधिकारों, भाषा और संस्कृति को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी समाज के युवाओं की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे ओल चिकी लिपि और संथाली समाज के संरक्षण व विकास के लिए लगातार प्रयास करती रहेंगी।



## राष्ट्रपति ने पेश की सादगी की मिसाल, लोगों के बीच पहुंचीं, अभिवादन किया स्वीकार



**आदित्यपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी सादगी से लोगों का दिल जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। काफिला रूकवा कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। दरअसल एनआइटी के दीक्षांत समारोह में शिरकत करने के बाद जब उनका काफिला सरायकेला के आकाशवाणी चौक से गुजर तब उनका अभिवादन करने के लिए सड़क के दोनों और खड़े लोगों का उत्साह देख राष्ट्रपति ने काफिला रूकवाया। और अपने वाहन से उतर गई। सड़क पर खड़े होकर राष्ट्रपति ने हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाए।

## लोकभवन का द्वार राज्य के हर नागरिक के लिए सदैव खुला है : राज्यपाल



**पूर्वी सिंहभूम :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि लोकभवन का द्वार राज्य के हर नागरिक के लिए सदैव खुला है। जनजातीय भाषाओं, लोक कलाओं और सांस्कृतिक आयोजनों के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए भी लोकभवन सदैव सहयोगी रहेगा। लोकभवन आमजनों के हितों के संरक्षक की भूमिका में रहेगा। राज्यपाल गंगवार सोमवार को जमशेदपुर के करनडीह में आयोजित ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाषा और संस्कृति सिर्फ अतीत की धरोहर नहीं बल्कि भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाली शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के समावेशी विकास की ओर अग्रसर है। यह शताब्दी समारोह भी इसी समावेशी विकास की भावना का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि यह महोत्सव लोकसंस्कृति और सामुदायिक एकता का उत्सव है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार की ओर से 2003 में संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। उस वक्त मैं अटल मंत्रिपरिषद का सदस्य भी था। राज्यपाल ने कहा कि ओल चिकी लिपि के सृजन में पंडित रघुनाथ मुर्मू का अतुलनीय योगदान रहा है।

## जनजातीय भाषा और संस्कृति को पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



**जमशेदपुर :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय भाषा और संस्कृति को पहचान और सम्मान दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आदिवासी समाज के साथ मिलकर इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संताली भाषा और साहित्य के विकास में अहम योगदान देने वाले साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों को सम्मानित करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि झारखंड में ओलचिकी लिपि के माध्यम से संथाली भाषा की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार वचनबद्ध है। साथ ही जनजातीय भाषाओं को सुरक्षित, संरक्षित और समृद्ध करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज संताली जैसी जनजातीय भाषाओं के जरिए आदिवासी समाज की आवाज देश-दुनिया तक पहुंच रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के योगदान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके प्रयासों से आदिवासी समाज का मान-सम्मान लगातार बढ़ रहा है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आदिवासी संस्कृति, परंपरा और पहचान को राष्ट्रीय मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है।

## ज्ञान व कौशल का उपयोग देश-समाज के व्यापक हित में करें : राष्ट्रपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि ज्ञान और कौशल का उपयोग देश और समाज के व्यापक हित में करें। एनआईटी जमशेदपुर ने ऐसा इको सिस्टम इजाद किया है, जो शिक्षा नवाचार को लोगों की जरूरतों और देशवासियों की आकांक्षाओं से जोड़ता है। तकनीकी रूप से सक्षम युवा दूसरे के लिए भी रोजगार सृजन करें। एनआईटी का सेंटर फॉर इनोवेशन स्टॉर्टअप और इनोवेशन को



बढ़ावा देने में सक्षम होगा। राष्ट्रपति सोमवार को एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि एनआईटी से शिक्षा प्राप्त करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। मौके पर उन्होंने गोविंद देव गिरी जी और रविंद्र बेहरा को मानद उपाधि के लिए बधाई दी।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान में तेजी से तकनीक का बदलाव हो रहा है। ऐसा बदलाव पहले किसी कालखंड में नहीं हुआ। इन बदलाव से जहां नए-नए अवसर भी हैं वहां नई चुनौतियां भी उत्पन्न हो रही हैं। आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग से साइबर अपराध में वृद्धि हो रही है।

## एक नजर

### अरावली विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** अरावली पर्वतमाला को लेकर जारी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को जारी अपने आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 तक होगी और तब तक अरावली में कोई खनन गतिविधि नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश दिया है। यह समिति मौजूदा विशेषज्ञ रिपोर्ट का विश्लेषण करेगी और संबंधित मुद्दों पर अदालत को सुझाव देगी। कोर्ट ने केंद्र सरकार और अरावली से जुड़े चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा को नोटिस जारी कर इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया मांगी है। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की वैकेशन बेंच ने अरावली मामले की सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें और अदालत द्वारा की गई टिप्पणियां फिलहाल लागू नहीं की जाएंगी। इनमें से एक सिफारिश यह भी थी कि 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली पर्वतमाला में शामिल किया जाए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि इस मामले को लेकर कई गलतफहमियां फैली हुई हैं।

## कुलदीप सेंगर को लगा तगड़ा झटका, एससी ने एचसी के जमानत आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से बहुत बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें सेंगर की सजा निलंबित कर उसे जमानत दी गई थी। कोर्ट के इस कड़े रुख के बाद अब यह साफ हो गया है कि जमानत मिलने के



बावजूद कुलदीप सिंह सेंगर जेल की सलाखों से बाहर नहीं आ सकेगा। इस केस में कोर्ट में ये दलीलें दी गई थीं। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में दलील देते हुए कहा कि यह महज एक अपराध नहीं, बल्कि एक नाबालिग के साथ हुआ 'भयावह और जघन्य' दुष्कर्म है।

एसजी ने साफ किया कि घटना के समय पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कम थी, जो इसे 'एग्रवेटेड पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट' की श्रेणी में लाता है।

## प्रधानमंत्री ने नौकायन पोत कौंडिन्य की पहली यात्रा को बताया देश की समृद्ध समुद्री विरासत का प्रतीक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीय नौसेना के नौकायन पोत आईएनएसवी कौंडिन्य की पहली समुद्री यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पोत भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत को उजागर करता है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह देखकर अत्यंत हर्ष हो



रहा है कि आईएनएसवी कौंडिन्य पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए अपनी प्रथम यात्रा पर रवाना हो रहा है। प्राचीन भारतीय 'सिले हुए जहाज' तकनीक से निर्मित यह पोत भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं को दर्शाता है। मोदी ने इस अनूठे पोत के निर्माण में योगदान देने वाले डिजाइनरों, कारीगरों, जहाज निर्माताओं और भारतीय नौसेना को बधाई देते हुए कहा कि उनके समर्पित प्रयासों से यह ऐतिहासिक जहाज साकार हो सका है। उन्होंने चालक दल को सुरक्षित और स्मरणीय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## केंद्र की 79 हजार करोड़ के रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र सेनाओं की आपातकालीन खरीद शक्तियों को बढ़ाया गया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए 79 हजार करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में लिए गए इन फैसलों से सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। जरूरी मंजूरियों में टी-90 मुख्य युद्धक टैंक की मरम्मत करने और एमआई-17 हेलीकॉप्टर के मिड-लाइफ अपग्रेड के प्रस्ताव शामिल हैं, जिनका मकसद ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ाने के लिए युद्ध संपत्तियों की सर्विस लाइफ बढ़ाना है।



बैठक में आर्टिलरी रेजिमेंट के लिए लॉइटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट एम्युनिशन और भारतीय सेना के लिए इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-II की खरीद को मंजूरी दी गई। लॉइटर म्यूनिशन का इस्तेमाल टैक्टिकल टारगेट पर सटीक हमला करने के लिए किया जाएगा, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे साइज के, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले अनमैन्ड एरियल सिस्टम का पता लगाकर उन्हें ट्रैक करेंगे। लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट, हाई वैल्यू टारगेट पर असरदार तरीके से हमला करने के लिए पिनाका रॉकेट सिस्टम की रेंज को बढ़ाएंगे। इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-II की रेंज ज्यादा है, जो सेना की जरूरी संपत्तियों की सुरक्षा करेगा। नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ़्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक खरीदने और हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के लिए आवश्यकता की स्वीकृति दी गई। बोलार्ड पुल टग्स के शामिल होने से नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों बंदरगाह में पैंतरेबाजी में मदद मिलेगी। यह प्रणाली बोर्डिंग और लैंडिंग ऑपरेशन के दौरान लंबी दूरी के सुरक्षित संचार सुविधा को बढ़ाएगी, जबकि हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार खुफिया, निगरानी, टोही और भरोसेमंद समुद्री डोमेन जागरुकता पक्का करेगा। बैठक में वायु सेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, एस्ट्रा एमके-II मिसाइल, फुल मिशन सिम्युलेटर और स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट वगैरह खरीदने की मंजूरी दी गई। ऑटोमेटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम के आने से एयरोस्पेस सेफ्टी के माहौल में कमी पूरी होगी, क्योंकि इससे लैंडिंग और टेक-ऑफ की हाई डेफि निशन ऑल-वेदर ऑटोमैटिक रिकॉर्डिंग मिलेगी। ज्यादा रेंज वाली एस्ट्रा एमके-क्क मिसाइलें लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता बढ़ाकर दुश्मन के विमानों को बेअसर करने की क्षमता बढ़ाएंगी। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के लिए फुल मिशन सिम्युलेटर पायलटों की ट्रेनिंग को किफायती और सुरक्षित तरीके से बढ़ाएगा।

## चतरा में टीएसपीसी के दो गुटों में हुई फायरिंग, दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** चतरा जिले के सुदूरवर्ती कुंदा थाना क्षेत्र स्थित गेंदरा गांव में रविवार की आधी रात प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के दो गुटों के बीच गोलीबारी की घटना हुई है। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में मौके पर दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को रिम्स रांची में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से दो देसी कट्टा बरामद किया है।

एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि दो गुटों में हुई वर्चस्व की लड़ाई में मारे गए दो उग्रवादियों में से एक की पहचान टीएसपीसी संगठन के सब जोनल कमांडर देवेंद्र गंझू के रूप में हुई है। उस पर चतरा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू के कई थानों में 30 से अधिक मामले दर्ज हैं, जबकि दूसरे की शिनाख्त चुरामन गंझू के रूप में हुई है। गंभीर घायलों में श्याम भोक्ता और उसका साला गोपाल गंझू शामिल है। दोनों को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि कुंदा निवासी श्याम भोक्ता पर भी नक्सली वारदात में संलिप्तता को लेकर कई मामले दर्ज हैं। एसपी के अनुसार देवेंद्र गंझु और चुरामन अपने कुछ साथियों के साथ श्याम भोक्ता के घर पहुंचा। इस दौरान किसी आपसी विवाद को लेकर दोनों के बीच फायरिंग हो गई। इस फायरिंग में देवेंद्र और चुरामन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोपाल भोक्ता और उसका साला गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक नजर

### कोडरमा में नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या

**कोडरमा :** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना गांधी स्कूल रोड स्थित एक मकान में बीती रात हुई। मृतका की पहचान 17 वर्षीय नेहा कुमारी, पिता सकलदेव यादव के रूप में हुई है मृतका के मामा लक्ष्मण यादव ने बताया कि रविवार दोपहर वह और उनकी बहन गुड़िया देवी किसी काम से बाहर गए हुए थे। रात करीब 9 बजे जब दोनों घर लौटे, तो अंदर वाले कमरे में नेहा कुर्सी के सहारे साड़ी से फंदा बनाकर छत के हुक से लटकी हुई मिली आनन–फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की सूचना तत्काल तिलैया पुलिस को दी गई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। घटना के बाद नेहा के मामा ने उसका मोबाइल फोन चेक किया, जिसमें जयनगर थाना क्षेत्र के अंकित यादव, पिता अरुण यादव, के साथ हुई व्हाट्सएप चैट सामने आई। परिजनों का आरोप है कि इन चैट्स में अंकित द्वारा नेहा को किसी वीडियो को सार्वजनिक करने और उसे फंसाने की धमकी दी जा रही थी। तिलैया पुलिस ने नेहा का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है और उसमें मौजूद चैट व अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

### बिना माइनिंग चालान के बोल्डर लदे दो हाइवा जब्त

**मरकच्चो :** खनन विभाग ने नवलशाही पुलिस के सहयोग से सोमवार दोपहर करीब 2 बजे कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पुरनाडीह पुल व नवलशाही स्थित सिंघपुर पेट्रोल पंप के समीप से अभियान चलाकर बगैर माइनिंग चालान के परिवहन कर रहे बोल्डर लदे दो हाइवा को जब्त किया है। जानकारी अनुसार एक हाइवा संख्या जेएच 12 एस–5847 पुरनाडीह खदान से बोल्डर लोड कर रायडीह मोड़ की ओर जा रहा था। वहीं दूसरा हाइवा संख्या ओडी 23 जी–2672 नवलशाही की ओर से सिंघपुर क्रेशर मंडी की तरफ बोल्डर खाली करने जा रहा था । इसी क्रम में क्षेत्र में निकले पदाधिकारी ने दोनो बोल्डर लदा हाईवा वाहनो को रुकवा कर बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की। चालकों द्वारा कोई कागजात नहीं दिखाए जाने पर दोनो हाइवा वाहन को जब्त कर सुरक्षा हेतु नवलशाही थाना ले आए जहां दोनों हाईवा पर अग्रेषित कार्यवाई की जा रही है।

### श्री श्याम सेवा मंडल का 15वां कीर्तन संपन्न



**झुमरीतिलैया :** बाबा श्याम की कृपा से श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा आयोजित इस वर्ष का अंतिम एवं मंडल का 15वां कीर्तन शनिवार को शिव वाटिका में अत्यन्त श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कीर्तन भक्ति संध्या श्याम प्रेमियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और भावनाओं का पावन मिलन बनकर सफल रही। आयोजन में निर्देशक की अहम भूमिका निभा रहे चीकू सेठ के मार्गदर्शन में कार्यक्रम ने विशेष भव्यता प्राप्त की। उनके अथक प्रयासों के लिए मंडल द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया गया। यजमान के रूप में चीकू सेठ के माता–पिता सुजाता देवी एवं दीनदयाल प्रसाद सेठ ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर बाबा श्याम से सभी के कल्याण की कामना की। मंडल ने उपस्थित सभी श्याम भक्तों और सेवादारों के सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के समर्पण के बिना यह दिव्य आयोजन संभव नहीं था।

# नव वर्ष पर पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व स्वच्छता को लेकर प्रशासन सतर्क

## पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर दण्डाधिकारी व पुलिस की होगी तैनाती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** नव वर्ष के अवसर पर जिले के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संभावित बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त, कोडरमा के निदेशानुसार सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी नियमित रूप से पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही पर्यटन स्थलों पर वाहनों की नियमित जांच भी की जा रही है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा वृंदाहा जलप्रपात का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के अन्य पर्यटन स्थलों का भी निरीक्षण कर वहां की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल जिले की पहचान होते हैं, इसलिए यहां स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पर्यटन स्थलों पर नियमित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था तथा पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोडरमा के खिलाड़ियों का झारखंड खो-खो टीम में चयन, जिले में खुशी की लहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिले के लिए गर्व की बात है कि यहां के होनहार खो-खो खिलाड़ी मुकेश कुमार और संदीप कुमार का चयन झारखंड राज्य खो-खो टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी आगामी 44वीं जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोडरमा जिला खो-खो संघ के महासचिव अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं कर्नाटक स्टेट खो-खो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। चयन के बाद मुकेश कुमार और संदीप कुमार ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच तथा कोडरमा जिला खो-खो संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दिया। इस अवसर पर झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद, कोडरमा जिला खो-खो संघ के महासचिव अमित कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, जिले के उपाध्यक्ष तौफीक हुसैन, मुन्ना कुमार, ओम प्रकाश राय, राकेश पांडेय, संयुक्त सचिव कौशल कुमार, कुंदन कुमार राणा, अभिजित आनंद, तकनीकी निदेशक शुभम कुमार सहित संघ के सदस्य मिथिलेश कुमार, हर्ष कुमार, अंशु राज, अजय यादव और विल्सन पॉल ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों के चयन से पूरे कोडरमा जिले में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है।

## पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा और अन्य मामलों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के पत्रकारों ने सोमवार को उपायुक्त ऋतुराज से मिलकर स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जेजेए कोडरमा की बैठक में पत्रकार हित पर कई बिंदुओं पर चर्चा के उपरांत लिए गए निर्णय के आलोक में उपायुक्त से जिले के सभी पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गयी। साथ ही प्रेस क्लब, कोडरमा की सदस्यता जिले के सभी पत्रकारों को उपलब्ध हो, इसको लेकर निर्देशित करने की मांग की गयी। ज्ञापन में कहा गया कि प्रेस क्लब की लगभग चार वर्षों से बैठक नहीं हुई है और बीते आठ वर्षों से चुनाव भी नहीं कराए गए हैं। वर्तमान पदाधिकारी नियमों के विपरीत पद पर बने हुए हैं। साथ ही प्रेस क्लब के नाम पर जमा राशि का हिसाब भी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

ज्ञापन देने वालों में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष और प्रेस क्लब के संरक्षक कुमार रमेशम, महासचिव अनिल सिंह के अलावा बीएसपीएस से जुड़े व प्रेस क्लब के संरक्षक जगदीश सलूजा, संजीव समीर, सुनील कुमार सिन्हा, प्रेम भारती, विजय बरनवाल, रंजन सिंह, रामकुमार सिंह, जयकांत मोदी, महेश भारती, रितेश कुमार सिंह, रामकृष्ण मेहता आदि शामिल हैं।

## वन भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सवर्ण एकता मंच कोडरमा जिला की एक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन झुमरी तिलैया स्थित झरनाकुंड धाम में किया गया। इस वनभोज सह बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो की संख्या मेंसवर्णों ने भाग लिया एवं सबों ने एक साथ वन भोज का आनंद लिया । इस अवसर पर आयोजित बैठक में सवर्ण ने आपसी मतभेदों को बुलाकर सवर्णों का एक सशक्त संगठन कोडरमा जिले में तैयार करने पर अपनी सहमति जताई तथा लोगों ने कहा कि सवर्णों की हुंकार कोडरमा से ही प्रारंभ किया जाए। इस अवसर पर आयोजित बैठक को दीनानाथ पांडेय, रामचन्द्र सिंह, संजीव कुमार पाठक, संजय पांडेय, उपेंद्र सिंह, रामावतार पांडेय, पप्पू पांडेय, राजकुमार पांडेय, आशीष पांडेय, मंटू तिवारी, दिनेश सिन्हा, विनय कुमार शांडिल्य, दिनेश सिंह, कमलेश कुमार कमल, वीरेंद्र सिंह, निशिकांत दीक्षित, अंशु कुमार पांडेय, महेश पांडेय, राजकुमार सिंह, रघुवीर सिंह,राजेंद्र सिंह सहित अन्य कई लोगों ने संबोधित किया । बैठक के पूर्व विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए सभी सवर्णों ने अपना अपना परिचय देकर लोगों से अपनी पहचान बनाने का प्रयास किया गया ताकि लोग एक दूसरे से मिलकर उनके सुख दुःख में भाग ले सकें। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वक्ताओं के संबोधन में सवर्ण एकता मंच का पंजीकरण कराने, इसका बायोलॉज बनाने, तथा पंचायत स्तर प्रखंड स्तर एवं जिला स्तर पर संगठन का विस्तार करने, सवर्ण आयोग के गठन की सरकार से मांग करने, नियमित रूप से सवर्ण एकता मंच की बैठक आयोजित करने, सभी सवर्ण के सुख-दुख में भाग लेने, पूरे जिले में सवर्ण की जनगणना कर उसकी सूची तैयार करने, सवर्ण महिलाओं की भागीदारी समाज में सक्रिय रूप से सुनिश्चित करने, सभी सवर्ण के पद एवं व्यवसाय की एक सूची तैयार करके उसे अपने समाज के ग्रुप में प्रकाशित करने, राजनीतिक क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाने, आपसी मतभेदों को भूलकर सभी सवर्णों में एकता सुनिश्चित करने, लोगों में राजनीतिक चेतना का विकास करने, एवं अपने-अपने क्षेत्र में यथासंभव सवर्णों को सहयोग करने आदि पर अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## हीरो शोरूम में लगी आग, दमकल और आसपास के कर्मियों ने बचाई बड़ी क्षति




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** शहर के बाईपास रोड में स्थित मित्तल हीरो शोरूम में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। हालांकि राहत की बात यह है कि बगल में स्थित शिव वाटिका के कर्मियों के सहयोग से इस आग लगने की घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए शोरूम के संचालक रोहित खाटूवाला ने बताया कि सोमवार की सुबह शोरूम के कर्मी जब शोरूम खोलने पहुंचे तो शोरूम के पिछले हिस्से में जहां गाड़ी के पाट्र्स रखे जाते हैं वहां आग लगी हुई थी जो धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर रही थी। इस दौरान शोरूम में मौजूद फायर एक्सटिंग्विशर और शिव टीका में मौजूद फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इस दौरान इसकी सूचना दमकल विभाग को भी दिया गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने सभी के सहयोग से आग पर काबू पाया। इस दौरान दमकल विभाग ने शोरूम में आग लगने की आकस्मिक स्थिति में इसपर काबू पाने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की भी बात कही है ।वहीं शोरूम के संचालक ने बताया कि फिलहाल आग लगने की घटना में कितने की नुकसान हुई है इसका आकलन किया जा रहा है।

# टीम ईशान ने न्यू ईयर ग्रैंड सेलिब्रेशन 31 दिसंबर की तैयारियों को लेकर बैठक और प्रेस वार्ता की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** टीम ईशान न्यू ईयर ग्रैंड सेलिब्रेशन 31 दिसंबर दिन बुधवार को होने वाले कार्यक्रम तैयारी को लेकर विराज बैंक्विट हाल बायपास रोड नियर महाराणा प्रताप चौक झुमरी तिलैया में किया गया। टीम ईशान के द्वारा ग्रैंड सेलिब्रेशन आगामी 31 दिसंबर दिन को समय संध्या 7 बजे से कार्यक्रमों की शुरूआत की जाएगी। यह कार्यक्रम कोडरमा जिले में पहली बार झुमरी तिलैया के विराज बैंक्विट हॉल महाराणा प्रताप चौक के नियर तैयारी की गई है। इस टीम में टीम के कप्तान के द्वारा कार्यक्रमों को लेकर अपने-अपने सहयोग कमी को कार्यक्रम को अंतिम अंजाम देने के लिए दिशा निर्देश दे रहे हैं, ताकि आने वाले आगंतुक को कार्यक्रम की शानदार तरीके से मनोरंजन उठा सके, इसके साथ ही कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय होंगे तथा विशिष्ट अतिथि भी मंच पर उपस्थित रहेंगे इस अवसर पर कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर टीम ईशान के द्वारा प्रेस वार्ता भी किया गया। जिसमें होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय शामिल हुए विशिष्ट अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार एवं विद्यानंद पांडे उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित सुमित सिंह पिंटू कुमार ईशान पुंज अमन कुमार सूरज देव कुमार आर्यन सैनी आकाश कुमार अधीरा सिंह कृष्णा जायसवाल शशि कुमार रंजन कुमार गणेश राय इत्यादि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुराने वर्ष की विदाई एवं नए वर्ष के आगमन को लेकर शिक्षकों ने उठाया वन भोज का आनंद



**जयनगर :** सीबीएसई से संचालित जयनगर प्रखंड अंतर्गत आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में प्रधानाध्यापक प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा एवं निदेशक रामदेव प्रसाद यादव के संयुक्त नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षकों एवं कुछ छात्रों का एक टोली शैक्षणिक भ्रमण सब वनवास के लिए गिरिडीह जिले के सरिया से करीब 5 किलोमीटर दूर राजदाहा धाम के लिए सोमवार को गए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण एवं वन भोज के द्वारा एक मिलन समारोह का आयोजन होता है जिसके माध्यम से लोग सभी तरह के चिंताओं से मुक्त होकर वन भोज का आनंद लेते हैं ऐसी व्यवस्था सत्य सनातन धर्म से चला रहा है। निश्चित तौर पर पहले ऋषि मुनि भी वनवास में भोजन का आनंद लेते थे जिसका अलग महत्व होता था। मौके पर रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि विद्यालय की परंपरा रही है कि क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर विद्यालय की टीम शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस तरह के जगह पर ले जाकर उन्हें समुचित मनोरंजन के साथ भरपूर ज्ञान दिया जाता है। जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि राजदाहा धाम भी बहुत विचार जगह है। दूर–दूर से लोग यहां आकर पिकनिक से पूजा पाठ का आनंद लेते हैं। मौके पर विद्यालय के उपप्राचार्य लक्ष्मण चंद्र यादव, वरीय शिक्षक महेश्वर पांडेय, प्रभु यादव, विनोद यादव, पिंटू कुमार पांडेय, प्रकाश यादव, वीरेंद्र यादव, सतीश रंजन, विद्यालय कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार सिन्हा, स्कूल मैनेजिंग टीम के सदस्य सुजीत कुमार राज रविंद्र यादव, प्रियंका कुमारी श्वेता कुमारी, माया कुमारी, रोशनी कुमारी, अनु कुमारी, हेमंती कुमारी,सहित सहित कुछ छात्र छात्र उपस्थित थे।

### सीटू का राष्ट्रीय सम्मेलन 31 से



**कोडरमा :** सीटू का 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन जो बुधवार 31 दिसंबर 25 से 04 जनवरी 2026 तक विशाखापट्टनम में होने जा रहा है। जिसमें भाग लेने के लिए झारखंड से 15 सदस्यों का प्रतिनिधि दल राज्य के विभिन्न जिलों व यूनियनों से सोमवार को विशाखापट्टनम के लिए रवाना हो गया। झारखंड के प्रतिनिधिमंडल में जिला के मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान भी शामिल हैं। इनके अलावा राज्य महासचिव विश्वजीत देव, कार्यकारी अध्यक्ष और हटिया मजदूर यूनियन के नेता भवन सिहं, अतिरिक्त महासचिव और कोयला मजदूरों के नेता आर पी सिंह, कोषाध्यक्ष प्रतीक मिश्रा, स्टील मजदूरों के नेता राजकुमार गोराई, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के नेता फागु बेसरा, जयनारायण महतो, एनसीईओए के नेता समीर विश्वास, शैलेश कुमार, अरूण कुमार सिंह, एचएमयू के नेता हरेन्द्र यादव, बीसीकेयू के नेता शिव कुमार सिंह, रामजी यादव, इरफान खान शामिल हैं।

### गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा में सजेगा विशेष दीवान



**झुमरी तिलैया :** दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस ऐतिहासिक पर्व को लेकर सिख संगत में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूरे गुरुद्वारा परिसर को रंग–बिरंगी रोशनी और सुगंधित फूलों से अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भटिंडा के रागी जत्थे द्वारा होगा शबद कीर्तन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि 30 दिसंबर 2025, दिन मंगलवार को विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। समारोह की शुरूआत सुबह 11:00 बजे होगी। इस दीवान में विशेष रूप से भटिंडा (पंजाब) वाले रागी भाई गुरभेज सिंह जी अपने जत्थे के साथ पधार रहे हैं। वे अपनी मधुर वाणी और गुरुबाणी के शबद कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे और गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालेंगे। गुरु का अटूट लंगर और समापन दीवान की समाप्ति दोपहर 2:30 बजे होगी। अरदास और समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु एक पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रबंधक कमेटी ने कोडरमा और आसपास के क्षेत्रों की समस्त साध–संगत से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दीवान में हाजिरी भरकर गुरु घर की खुशियाँ और आशीर्वाद प्राप्त करें।

### ABVP प्रदेश अधिवेशन : डॉ. मौशमी प्रदेश अध्यक्षा व प्रकाश टूटी बने मंत्री



**कोडरमा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 26वाँ झारखंड प्रदेश अधिवेशन गढ़वा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में संगठन की नवीन प्रदेश इकाई की घोषणा की गई, जिसमें डॉ. मौशमी पॉल को प्रदेश अध्यक्षा एवं प्रकाश टूटी को प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा गया। अधिवेशन के दौरान कोडरमा जिला संयोजक अतुल आनंद को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुमारी चंचला, मिथुन कुमार, नितेश मेहता एवं गौतम पाण्डेय को दायित्व प्रदान किया गया।अधिवेशन से लौटने के दौरान कोडरमा रेलवे स्टेशन पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बने अतुल आनंद का कार्यकताओं द्वारा नारेबाजी एवं जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत कार्यक्रम में नगर मंत्री सुधांशु यादव समाज सेवी धर्मेन्द्र कौशिक और मोहन याद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही नगर मंत्री सुधांशु यादव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव माँ भारती की सेवा में समर्पित रहा है तथा आगे भी संपूर्ण जिला टीम एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। मौके पर प्रिंस पांडे काजल कुमारी,ममता कुमारी,मोनिका कुमारी , ज्योति कुमारी, करण कुमार,गोलू कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### युवा संघ गेतलसूद के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**रांची :** युवा संघ गेतलसूद के द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को गेतलसूद के बुकी मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, कंबल वितरण व शाम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। आयोजन समिति के सफल संचालन को लेकर एक कमिटि का गठन किया गया। अध्यक्ष गौरीशंकर मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष अजय राज, सचिव संजीव सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, कोषाध्यक्ष वीरू महतो, उपाध्यक्ष राजेश लोहरा, शिशु उरांव, रितिक मंडल, सुनील, राजन महतो, शिवा महतो, बिट्टू ठाकुर, बालसाय, अजय आर्या, सहसचिव प्रीतरंजन प्रसाद, संदीप लोहरा, अजीत महतो, उत्तम महतो, अमित चौधरी, मुन्नी महतो, प्रदीप उरांव को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष अजय राज ने बताया कि करीब पांच सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। जबकी जयराम हास्पीटल उकदीद मोड़ ओरमांझी के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है।

### ऑपरेशनल कारणों से रांची एयरपोर्ट पर चार उड़ानें रद

**रांची :** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सोमवार को चार उड़ानें रद्द कर दी गई। इन उड़ानों के अचानक रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि ऑपरेशनल कारणों की वजह से यह फैसला लिया गया है। रद्द की गई उड़ानों में कोलकाता, दिल्ली और पटना रूट की इंडिगो फ्लाइटें हैं। इनमें कोलकाता-रांची-कोलकाता (6ई 7089/7014), कोलकाता-रांची-कोलकाता (6ई 7674/7235), दिल्ली-रांची-दिल्ली (6ई 6287/576), पटना-रांची-पटना (6ई 6902/925) शामिल हैं। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा पर निकलने से पहले अपनी फ्लाइट की स्थिति संबंधित एयरलाइन या आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से जरूर जांच लें। साथ ही एयरलाइन कंपनियों को यात्रियों को समय पर जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### समाज की चेतना और संघर्ष साहित्य में होता है प्रतिबिंबित : सुदेश

**रांची :** पार्श्व अंतरराष्ट्रीय ट्रस्ट, वाईबीएन विश्वविद्यालय और जन कल्याण आयाम वन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रांची साहित्य महोत्सव का आयोजन सोमवार को रांची में किया गया। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। महोत्सव में प्रदेश की साहित्यिक विरासत, लोक संस्कृति, भाषाई समृद्धि और जनसरोकारों से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि साहित्य वह दर्पण है जिसमें समाज की चेतना और संघर्ष प्रतिबिंबित होता है। साहित्य और संस्कृति को मजबूत बनाना ही सशक्त झारखंड की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ने, संवेदनशीलता विकसित करने और संघर्ष की आवाज को स्वर देने का सशक्त माध्यम है। आने वाली पीढ़ियों के लिए साहित्यिक परंपरा को और अधिक समृद्ध और सुदृढ़ बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में विभिन्न साहित्यकार, शोधार्थी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की और झारखंड की भाषाई-सांस्कृतिक पहचान को नए आयाम देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ ममता मनीष सिन्हा ने झारखंड में साहित्य अकादमी के गठन करने का अनुरोध किया। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि जब वे कला संस्कृति मंत्रालय में थे, तब इस दिशा में पहल की गई थी, लेकिन वर्तमान सरकार इन बौद्धिक विषयों पर विशेष ध्यान नहीं दे रही है।

## सिल्ली में अटल स्मृति सम्मेलन का हुआ आयोजन

# देश को दिशा देने वाले नेता थे अटल जी : संजय सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची/सिल्ली :** सिल्ली भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को सिल्ली स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य अटल जी के राष्ट्रवादी विचारों सुशासन की अवधारणा और लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अटल जी एक कुशल प्रशासक संवेदनशील कवि और ओजस्वी वक्ता थे। उन्होंने कहा



कि अटल जी ने भारतीय राजनीति को मर्यादा और संवाद की नई परंपरा दी। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। पोखरण परमाणु परीक्षण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना और विदेश नीति में भारत की शासन पहचान उनके दूरदर्शी नेतृत्व के प्रमुख उदाहरण हैं। संजय सेठ ने अपने संबोधन में अटल जी के साथ बिताए अनछूए पल को भी साझा किए। उन्होंने अटल जी के विचारों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामाकांत महतो ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अटल जी ने देश को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निर्भरता से कार्य किया। उन्होंने यह साबित किया कि देश से बड़ा कोई नहीं हो सकता। अटल जी नहीं होते तो झारखंड का निर्माण नहीं होता। सम्मेलन का संचालन मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष भागीरथ महतो ने किया। मौके पर राजा पुष्पेंद्र सिंहदेव, पूर्णिमा सिंहदेव, मंडल अध्यक्ष मेघनाथ महतो, खगेश महतो, सुभाष महतो, भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साई, कृष्ण कुमार महतो, निखिल साहू, गौरांग कोईरी, सुकुमार विश्वकर्मा, सुभाष लाहा, साधुचरण महतो, पदलोचन महतो, वासुदेव महतो, शैलेंद्र बड़ाईक, सुधीर साहू, श्याम सुंदर महतो, प्रकाश चंद्र कर्मकार, गंगाधर साहू, दुर्योधन महतो, हरेंद्र प्रमाणिक हरिहर महतो, पंकज महतो, स्नेहलता महतो, रमेश महतो, राजेन्द्र कोईरी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पेसा कानून के बिंदुओं को सार्वजनिक करे सरकार : दुर्गा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में पेसा (पंचायत अनुसूचित क्षेत्र विस्तार) नियमावली लागू होने पर झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि पेसा नियमावली लागू होना राज्य के आदिवासी और मूलवासी समाज के लिए ऐतिहासिक कदम है, लेकिन अब इससे जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि आम जनता इसकी वास्तविक भावना और प्रभाव को समझ सके। उरांव ने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जमीन दलालों का दबदबा, ब्लॉक और समाहरणालय स्तर पर अधिकारियों की तानाशाही, बालू-पत्थर खदानों से होने वाला अवैध उत्खनन और जल-जंगल-जमीन का अंधाधुंध दोहन आम लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। इन परिस्थितियों में भोले-भाले लोग अपनी बात खुलकर कहने में असमर्थ हैं और छोटी-छोटी गलतियों पर भी उन्हें पुलिसिया कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। दुर्गा उरांव ने कहा कि यदि उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान सही मायने में पेसा कानून में शामिल है और उसे प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो आने वाले कई वर्षों तक हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाना विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि पेसा कानून को कैबिनेट से पारित करने के बाद एक बड़ा सार्वजनिक आयोजन कर इसके प्रमुख बिंदुओं को जनता के सामने रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि पेसा नियमावली में कानून की मूल भावना से किसी तरह की छेड़छाड़ की गई है, तो यह आदिवासी समाज के हित में नहीं होगा।

## सरना स्थलों की घेराबंदी से सुरक्षित रहेगी आदिवासी सांस्कृतिक अस्मिता : रिया तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अनगड़ा प्रखंड के जानुम, हेसातू एवं हराद् के ईद सरना स्थल एवं मसना स्थल की पक्की घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप की धर्मपत्नी रिया तिर्की ने किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर रिया तिर्की जी का भव्य एवं पारंपरिक स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर एवं आदिवासी रीति-रिवाजों से सम्मानित किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिया तिर्की ने कहीं कि सरना स्थलों की घेराबंदी से ये पवित्र स्थान अतिक्रमण और क्षति से सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने विधायक राजेश कच्छप के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि



सरना, हड़गड़ी (कब्रिस्तान) और अखाड़ा (सामुदायिक नृत्य स्थल) जैसे पारंपरिक आदिवासी स्थलों की सुरक्षा से आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और पहचान भी सुरक्षित रहेगी। सरना स्थल आदिवासी समाज की प्रकृति पूजा एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। ऐसे स्थलों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए घेराबंदी जैसे कार्य उनकी पवित्रता बनाए रखने और अतिक्रमण से बचाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुण्डा सह प्रभारी राजेंद्र मुण्डा, प्रमुख कांग्रेस नेत्री किरण करमाली, देवकी देवी, संगीता कैथा, अनीता देवी, रेशमा देवी सहित रेजाक अंसारी, योगेंद्र बेदिया, जोन तिग्गा, छोटेलाल महतो, अजय करमाली, सचिन नायक, तिवारी भोगता, भोला करमाली, बलेश्वर भोगता, मधुसूदन मुण्डा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खतियानी संस्कृति समिति का टुसू महोत्सव 11 जनवरी को : वीरेंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति की ओर से आगामी 11 जनवरी को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक में भव्य रूप से राजधानी टुसू महोत्सव 2025 पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को समिति ने सोमवार को मोरहाबादी मैदान में बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ वीरेंद्र महतो ने कहा कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो और विशिष्ट अतिथि देवेंद्रनाथ महतो मौजूद रहेंगे। इस वर्ष टुसू महोत्सव में टुसू प्रतिमा प्रदर्शनी, पारंपरिक नृत्य-संगीत, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां, झारखंडी व्यंजन स्टॉल और सांस्कृतिक झांकियां



आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति यह कार्यक्रम राजधानी रांची के केंद्र बिंदु अल्बर्ट एक्का चौक में होगी। महोत्सव में राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और लोक कलाकार भाग लेंगे। बैठक के दौरान देवेंद्रनाथ महतो ने झारखंडवासियों से अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में इस पारंपरिक पर्व में शामिल होकर झारखंड की लोक-संस्कृति और टुसू परंपरा को संरक्षित करें। उन्होंने कहा कि टुसू पर्व की तैयारी को लेकर तय किया गया है कि महोत्सव को भव्य और आकर्षक रूप देने के लिए आयोजन समिति की ओर से सामूहिक चर्चा की गई। बैठक में देवेंद्रनाथ महतो, डॉ विरेंद्र महतो, राजीव तुलसी, रेखा महतो, गोरी लकड़ा, चंदन रजक, अशोक खालको, रिहान अंसारी सहित अन्य संस्कृति प्रेमी मौजूद थे।

## नियुक्ति पत्र वितरण आज, डीसी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की CGL-2023 परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को कल 30 दिसंबर 2025 को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपने हाथों से सौंपेंगे। नए साल से पहले यह राज्य के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वित्त सचिव प्रशांत कुमार और झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने भी पूरी व्यवस्था का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री ने मोरहाबादी मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, ट्रैफिक व्यवस्था और साफ-सफाई से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। चयनित अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय पर सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ पहुंचें और कार्यक्रम की मर्यादा बनाए रखें। यह आयोजन राज्य सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# 33वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की बेटियों का पराक्रम, राष्ट्रीय मंच पर कांस्य पदक से रचा इतिहास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** 26 से 28 दिसंबर 2025 तक स्कॉलर पब्लिक स्कूल, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 33वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप (सत्र 2025झ26) में झारखंड की बालिका थ्रोबॉल टीम ने अनुशासन, जुझारूपन और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की अथक मेहनत का परिणाम है, बल्कि झारखंड में थ्रोबॉल खेल के सशक्त भविष्य का स्पष्ट संकेत भी है। लीग मुकाबलों में झारखंड टीम ने



प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लीग चरण में अपने सारे मैच जीत कर झारखंड बालिका टीम पुल विजेता रही। पहले मैच में पश्चिम बंगाल को 25-21, 25-23 से हराया। दूसरे लीग मैच में पुडुचेरी को 25-13, 25-14 से पराजित कर अपना दबदबा कायम रखा। तीसरे लीग मुकाबले में बिहार के खिलाफ हुए रोमांचक संघर्ष में झारखंड ने 25-18, 25-16 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में झारखंड की बेटियों ने पंजाब को 25-11, 25-16 से मात देकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। सेमीफाइनल में मुंबई जैसी सशक्त टीम के खिलाफ झारखंड ने आखिरी क्षण तक संघर्ष किया, लेकिन 14-25, 23-25 से हार के साथ टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष श्री वेदांत कौस्तव ने कहा कि सब-जूनियर वर्ग में हमारी बेटियों ने जिस आत्मविश्वास और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया है, वह प्रशंसनीय है। यह कांस्य पदक संघर्ष, अनुभव और सीख का प्रतीक है। आने वाले समय में यही खिलाड़ी झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाने की पूरी क्षमता रखती हैं। संघ खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। टीम की इस गौरवपूर्ण सफलता पर डॉ. राजेश गुप्ता, गोविंद झा, राजेश कुमार, जमील अंसारी, आशुतोष गोस्वामी, विश्वास उरांव, गौतम सिंह, नगीना कुमार, कीर्ति कुमार, सोनू सिंह, देवव्रत कुमार, डॉ. मनीष शाहदेव, राकेश कुमार, नीतीश सिंह, मो. अमीरूल, अमित कुमार, दीपक वर्मा सहित व पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के साहस, समर्पण और खेल भावना की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में 30 से बढ़ेगा तापमान, उत्तरी जिलों में कुहासे को लेकर येलो अलर्ट



**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में मंगलवार से तापमान में दो से तीन डिग्री वृद्धि होने की संभावना है। वहीं राज्य के उत्तरी जिलों (देवघर, दुमका, गिरिडीह जामताड़ा और पाकुड़) में मंगलवार को कहीं-कहीं घना कुहासा छाने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 27 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान रांची के कांके में 2.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इधर, सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। सुबह में भारी कनकनी महसूस की गई, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही धूप में तल्खी महसूस की गई। हालांकि हल्के दर्जे की हवा के कारण ठंड भी महसूस की गई। वहीं, सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री 22.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री, जमशेदपुर में 24 पॉइंट से 10.5 डिग्री, डालटनगंज में 24.8 डिग्री और 6.1 डिग्री, बोकारो में 20.5 और 6.6,चाईबासा में अधिकतम तापमान 27 डिग्री और 9.2 डिग्री, खूंटी में 23.6 डिग्री और 4 डिग्री, लोहरदगा में 21.5 और 3.7 डिग्री और लातेहार में अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### आसुस और पीएलएफएस पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**रांची :** भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसयूसई), क्षेत्र संकार्य प्रभाग की ओर से सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय रांची में अनिगमित (किसी एकल निकाय या इकाई में संयोजित नहीं) सेक्टर के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांख्यिकी के उप निदेशक आशीष कुमार ने कहा कि एएसयूएसई और एएसयूएसई राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली के अत्यंत महत्वपूर्ण सर्वेक्षण हैं, जो असंगठित क्षेत्र और श्रम बाजार से संबंधित विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डेटा को रणनीतिक संपत्ति माना जा रहा है और नीति निर्धारण में सटीक और गुणवत्तापूर्ण डेटा की भूमिका निर्णायक है। ऐसे में फील्ड स्तर पर एकत्र किए गए आंकड़ों की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एएसयूएसई 2026 का क्षेत्र कार्य आगामी एक जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक चलेगा, जिसमें अनिगमित विनिर्माण, व्यापार और सेवा प्रतिष्ठानों से आय-व्यय, पूंजी, लागत एवं रोजगार से संबंधित आंकड़े संकलित किए जाएंगे। वहीं पीएलएफएस 2026 में डिजिटल प्लेटफॉर्म वर्कर्स से जुड़े नए प्रश्न जोड़े गए हैं। प्रशिक्षण शिविर में 90 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में सहायक निदेशक नयन दीप, रोहित सिंह, शीतल शबनम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राधाकृष्ण मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भोग



**रांची :** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से संचालित अन्नपूर्णा वेजिटेबल खिचड़ी भोग सेवा में बीते 10 दिनों में हजारों भक्तों ने वेजिटेबल खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सोमवार को बताया कि 20 दिसंबर से मंदिर परिसर में प्रतिदिन अन्नपूर्णा वेजिटेबल खिचड़ी भोग का आयोजन किया जा रहा है। भोग सेवा में प्रतिदिन सैकड़ों से अधिक भक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। वहीं इसके पूर्व मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे ने भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना कर खिचड़ी भोग अर्पित किया। संजय सर्राफ ने बताया कि यह सेवा ट्रस्ट के संस्थापक स्वामी डॉ सदानंद महाराज के सानिध्य में निरंतर संचालित हो रही है। ट्रस्ट विगत पांच वर्षों से प्रत्येक रविवार को श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का भी आयोजन करता आ रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

### रांची नगर निगम ने बांटे कंबल, जरूरतमंदों के लिए आश्रय गृह व रेस्क्यू अभियान जारी



**रांची :** शहर में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची नगर निगम ने गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत कार्य शुरू कर दिया है। सोमवार को नगर निगम की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे। नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव खुद मौके पर मौजूद रहे और लोगों को कंबल दिए। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में कोई भी व्यक्ति ठिठुरने को मजबूर न हो, यही नगर निगम का प्रयास है। ठंड खत्म होने तक यह राहत अभियान लगातार चलता रहेगा। प्रशासक ने बताया कि शहर में कुल 10 जगहों पर आश्रय गृह बनाए गए हैं। यहां जरूरतमंद लोग रात में सुरक्षित रह सकते हैं और ठंड से बचाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सड़क पर रहने वाले बेघर लोगों को खोजकर सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए रेस्क्यू अभियान भी चलाया जा रहा है। जरूरत को देखते हुए दो और अस्थायी आश्रय गृह भी तैयार किए गए हैं। इस दौरान अपर प्रशासक संजय कुमार ने भी जरूरतमंदों को कंबल बांटे। कंबल मिलने से लोगों को काफी राहत मिली और उन्होंने नगर निगम व जिला प्रशासन का आभार जताया।

# अरावली पर्वत श्रृंखला : प्राकृतिक धरोहर को संभालना होगा

राजस्थान में अरावली पर्वत श्रृंखला (अरावली की पहाड़ियां) इन दिनों राजनीतिक जंग का मैदान बनी हुई हैं। अरावली को सब अपने-अपने हिसाब से परिभाषित कर रहे हैं। इस पर जबरदस्त विवाद छिड़ा हुआ है। भाजपा कह रही है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जो 'सेव अरावली' कैंपेन चला रहे थे, उन्हीं के कार्यकाल में अरावली 100 मीटर की परिभाषा की सिफारिश की गई थी और हमने वो ही किया। हमें पहले यह समझना चाहिए कि अरावली भारत की रीढ़ है जो चार राज्यों से गुजरती है। यह उत्तर-पश्चिम भारत में लगभग 670 किलोमीटर लंबी मानी जाती है। यह दिल्ली के पास से शुरू होकर दक्षिण हरियाणा और राजस्थान के अंदर तक जाती है और फिर गुजरात में अहमदाबाद के आसपास के मैदानों तक पहुंचती है। भूगोलविद् सीमा जालान बताती हैं कि अरावली 67 करोड़ वर्ष पुरानी पर्वतमाला है और यह नहीं होतीं तो उत्तर भारत की जाने कितनी नदियां नहीं होतीं। जाने कितने जंगल, कितनी वनस्पतियां, कितने बहुमूल्य धातु और कितने इकोलॉजिकल वैभव नहीं होते। विशेषज्ञों के अनुसार, अरावली केवल जीव-जंतुओं के लिए ही नहीं बल्कि इंसानों के लिए भी जीवनरेखा है। केंद्र सरकार ने 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली घोषित किया है और इस पर उच्चतम न्यायालय ने इस पर अपनी मुहर लगा दी। इसके अलावा हरियाणा सरकार के हस्तक्षेप करने का कारण यह है कि अरावली का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा उसके अधिकार क्षेत्र में आता है और बाकी हिस्सा राजस्थान में है। कुछ लोग कह रहे हैं कि बीते कई वर्षों से अरावली में चोरी-छुपे खनन हुआ है और 100 मीटर की परिभाषा काकोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस का आरोप है कि देश में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है, और केंद्र सरकार अरावली जैसी प्राकृतिक दीवार को कमजोर करने का काम कर रही है। उच्चतम न्यायालय में केंद्र सरकार की पैरवी भाजपा शासित चारों राज्यों की सरकारों ने की, जिससे सरकार की मंशा साफ नजर आती है। पहले ही अरावली में बड़े स्तर पर अवैध खनन हो रहा है। बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है, ऐसे में कैसे बचेगी अरावली और कैसे बचेगा पर्यावरण? यह सब जानते हैं कि कोई भी प्राकृतिक व ऐतिहासिक धरोहर नष्ट व क्षतिग्रस्त अचानक नहीं होती। ऐसा होने में लंबा समय लगता है और यह खुला खेल हमेशा शासन-प्रशासन के सामने ही होता रहा है। शासन-प्रशासन को लगता है कि जनता को कुछ समझ नहीं आ रहा। यह कहने में संकोच नहीं कि अन्य देशों की अपेक्षा पर्यावरण व प्राकृतिक धरोहरों को बचाने व संभालने में हम उतने सक्षम नहीं हैं, जितने की हमें जरूरत है। दरअसल बात यह है कि लगातार बढ़ रही जनसंख्या को व्यवस्थित करने के लिए हम पर्यावरण व धरोहरों का विनाश करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाते हुए और हाई टेक दुनिया का निर्माण करना गलत नहीं है लेकिन मानव जीवन की सबसे अहम व मूलभूत जरूरत को दरकिनार करके तरक्की करना अपराध सा लगता है। प्रदूषण हमारा सबसे बड़ा दुश्मन बना हुआ है। इसका कारण भी धरोहरों को नष्ट करना है। देश की तरक्की व जनता की जरूरत के लिए ऐसे मुद्दों की गंभीरता न समझना मानव जीवन पर ही भारी पड़ रहा है। मनुष्य की शहरीकरण की भूख ने प्रकृति को इतनी हानि पहुंचा दी कि उसको यह मालूम ही नहीं पड़ा कि वो कब काल के गर्भ में प्रवेश कर गया। यदि महानगरों की जीवनशैली की चर्चा करें तो पिछले दो दशकों कम आयु में होने वाली मौतों के आंकडे ने चौंका दिया। मनुष्य की आयु का घटना लगातार जारी है। इंसान की उम्र करीब 100 वर्ष होती थी लेकिन आज के दौर में साठ साल पर आकर सीमित रह गई। वैज्ञानिकों के अनुसार, लगातार हो रही आपदाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बेतहाशा इस्तेमाल जिम्मेदार है। उनका मानना है कि आज हमारी धरती अपने भार से कहीं अधिक भार वहन कर रही है। अगर यही हाल रहा तो अगले कुछ वर्ष बाद ही धरती रहने लायक नहीं बचेगी।

### सूडोकु नवताल- 7659

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7658 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# सरकारी संपत्ति की लूट, आम हो या खास सबकी बपौती

**अजय कुमार**

यह एक कड़वी सच्चाई है कि सरकारी संपत्ति, जो राष्ट्र की साझा धरोहर है, अक्सर आम लोगों के लालच का शिकार बन जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखनऊ दौरे के दौरान एक पार्क के उद्घाटन पर सजावट के लिए लगाए गए करीब 6 हजार गमले चोरी हो गए। लग्जरी कारों और स्कूटरों पर सवार लोग खुले आम गमलों को उठाकर भागते नजर आए। यहां तक कि एक पुलिसकर्मी को पानी का खाली जार और वॉटर कूलर ले जाते देखा गया। यह घटना पूरे देश की उस फितरत को उजागर करती है, जहां लोग सार्वजनिक संपत्ति को निजी मान लेते हैं। कल्पना कीजिए, एक तरफ राष्ट्र निर्माण की भव्य योजनाएं, दूसरी तरफ उसी राष्ट्र की संपत्ति पर डाका। लखनऊ के इस पार्क में पीएम के स्वागत के लिए शहर की सड़कों और मार्गों पर फूलों से सजे गमले लगाए गए थे। कार्यक्रम समाप्त होते ही भीड़ उमड़ पड़ी। लोग न केवल गमले उखाड़ रहे थे, बल्कि उन्हें गाड़ियों में लादकर फरार हो गए। वीडियो फुटेज में साफ दिखा कि अमीर-गरीब सभी इसमें शरीक थे। यह केवल लखनऊ तक सीमित नहीं पूरे भारत में ऐसी घटनाएं बार-बार दोहराई जा रही हैं।

इस घटना से लखनऊ में कुछ साल पहले हुए डिफेंस एक्सपो की याद ताजा कर दी है। तब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल से चोरी होने वाले सामान की तस्वीरें सार्वजनिक करने की बात कही थी। वहां भी टेंट, कुर्सियां, बल्ब और सजावटी सामग्री गायब हो गई थी। योगी ने सख्त चेतावनी दी थी कि ऐसे लुटेरों को बेनकाब किया जाएगा। लेकिन क्या बदला? कुछ नहीं। उल्टा, ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यही हाल कुछ महीने पहले प्रयागराज कुंभ मेले का था। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए टेंट, शौचालय और पंडालों का सामान चोरी हो गया। प्लास्टिक चेयर से लेकर जनरेटर तक, सब कुछ गायब। स्थानीय मीडिया ने रिपोर्ट किया कि चोरी करने वाले स्थानीय ही थे, जो मेले के बाद फ्री सामान ले जाते दिखे। प्रशासन ने दर्जनों मामले दर्ज किए, लेकिन सजा मिली क्या?

यह उत्तर प्रदेश तक नहीं सीमित है। पूरा देश इससे ग्रस्त है। दिल्ली के हालिया जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी यही नजारा देखने को मिला। भारत की मेजबानी में लग्जरी होटलों और सड़कों पर सजावट की गई थी। सम्मेलन खत्म होते ही फूलों के गमले, बैनर और सजावटी लाइटें गायब हो गईं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सरकारी वाहनों से उतरते लोग सामान लादते दिखे। दिल्ली पुलिस ने कुछ को पकड़ा भी, लेकिन ज्यादातर बच निकले।

मुंबई में 2023 के एशियाई खेलों के स्वागत के लिए सजाए गए बैंडस्टैंड और गमलों की चोरी हुई। समुद्र किनारे के चौपाटी पर लगे सामान रातोंरात गायब। स्थानीय निवासियों ने कबूल किया कि ये तो सरकारी चीजें हैं, कोई पूछने वाला नहीं। इसी तरह, कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडालों के लिए लगाए गए सरकारी लाइट और साउंड सिस्टम चोरी हो गए। पश्चिम बंगाल सरकार ने शिकायत की, लेकिन दोषी कौन पकड़े गए? ज्यादातर मामलों में मामला ठंडा पड़ गया। तमिलनाडु के चेन्नई में हाल ही में प्रधानमंत्री के दौरे पर सजावट के गमले चोरी हो गए। वहां तो एक विधायक का बेटा भी पकड़ा गया, जो लग्जरी एसयूव में गमले लाद रहा था। दक्षिण भारत तक फैली यह फितरत बताती है कि समस्या क्षेत्रीय नहीं, राष्ट्रीय है।

सवाल उठता है, आखिर क्यों? सरकारी संपत्ति को राष्ट्र की संपत्ति मानने की भावना क्यों कमजोर हो गई? इसका जवाब हमारी सामाजिक-आर्थिक फितरत में छिपा है। पहला कारण -गरीबी और बेरोजगारी। कई लोग सोचते हैं कि सरकार अमीर है, एक-दो गमला क्या ले लूंगा? लेकिन लालच अमीरों तक सीमित नहीं। लग्जरी कारों वाले भी इसमें शामिल हैं। दूसरा, नैतिक पतन। बचपन से सिखाया जाता है झूठ, चोरी, लालच न करो, लेकिन प्रैक्टिस में विपरीत। सोशल मीडिया पर फ्री में लो की संस्कृति ने इसे बढ़ावा दिया। तीसरा, प्रशासनिक लापरवाही। कार्यक्रम खत्म होते ही सिक्योरिटी हटा ली जाती है। पुलिस वाले खुद चोरी करते पकड़े जाते हैं, तो आम आदमी कैसे संकोच करेगा? चौथा, राजनीतिक संस्कृति। नेता आते हैं, सजावट करवाते हैं, जाते हैं। जनता सोचती है ये तो शोपीस था, अब फेंक दिया जाएगा। लेकिन ये टैक्सपेयर्स का पैसा है। पांचवां, कानूनी कमजोरी। चोरी के मामले में सजा मिलना दुर्लभ है। योगी जी ने तस्वीरें जारी करने की बात की, लेकिन अमल कितना?

बहरहाल, यह नई समस्या नहीं। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी के समय दिल्ली के इंडिया गेट पर लगे बल्ब चोरी होते थे। 1980 के दशक में अटल बिहारी वाजपेयी ने संसद में इस पर बहस छेड़ी थी। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने कहा था- सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा राष्ट्रभक्ति है। लेकिन आज वही गांधी के देश में चोरी का बाजार गर्म। बात नुकसान की कि जाये तो एक गमला 500-1000 रुपये का। 6 हजार गमले मतलब 30-60 लाख का नुकसान। सालाना ऐसी घटनाओं से अरबों का। पर्यावरण को नुकसान - पौधे मर जाते हैं। शहर की सौंदर्यता प्रभावित। सबसे बड़ा नुकसान सामाजिक विश्वास। लोग सोचते हैं अगर सब चोर हैं, तो मैं क्यों न रहूं?

खैर, ऐसा नहीं है कि यह 'रोग' लाइलाज है। इसका समाधान संभव है। पहला, सख्त कानून। चोरी पर तुरंत एफआईआर और पब्लिक शेमिंग हो। योगी मॉडल को पूरे देश में लागू करें। दूसरा, जागरूकता अभियान। स्कूलों से शुरू करो- सरकारी संपत्ति मेरी संपत्ति। तीसरा, तकनीकी हल। सीसीटीवी और जीपीएस ट्रैकर गमलों की जगह लगायें जायें। चौथा, सामुदायिक जिम्मेदारी। मोहल्ला समितियां बनाएं। पांचवां, राजनीतिक इच्छाशक्ति। नेता खुद उदाहरण पेश करें। पूरे देश की यह फितरत बदलनी होगी। लखनऊ की यह घटना आईना है। राष्ट्र की धरोहर को बचाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। अगर हम नहीं चेते, तो विकास की सारी मेहनत व्यर्थ। आइए, संकल्प लें - चोरी नहीं, संरक्षण। तभी सच्चा विकसित भारत बनेगा।

## लूट में नेता भी नहीं रहते हैं पीछे

लखनऊ में पीएम मोदी के कार्यक्रम के बाद कुछ लोग गमले व अन्य सामान चोरी करते देखे गये इस पर बहस भी छिड़ गई है,लेकिन सवाल यह भी है आम जनता ही नहीं बड़े-बड़े नेता और अधिकारी भी मौका मिलने पर पीछे नहीं रहते हैं। यह लोग सरकारी आवास खाली करते समय वहां से सरकारी सम्पति जैसे टोटी, सोफा, फ्रिज, टीवी, गमले आदि समान उठा ले जाते हैं। सपा प्रमुख अखिलेष यादव की तो बाकायदा षिकायत तक हुई थी कि उन्होंन जब सीएम वाला सरकारी आवास खाली करा तो वहां से वह टोटी निकाल ले गये। लखनऊ में पीएम मोदी के राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल उद्घाटन कार्यक्रम के बाद गमलों की चोरी ने शहर की तहजीब पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में लोग बेखौफ होकर सजावटी गमले उठा ले जाते दिखे। लेकिन यह समस्या आम जनता तक सीमित नहीं, बड़े नेता और अधिकारी भी सरकारी संपत्ति पर हाथ साफ करते पाए जाते हैं।

2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हारने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री आवास खाली किया। बीजेपी ने आरोप लगाया कि उन्होंने बाथरूम की टोटियां, टाइल्स और अन्य सामान निकाल लिया। अखिलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दो टोटियां लहराते हुए चुनौती दी कि साबित करें तो बदल देंगे। यह मामला राजनीतिक हथियार बना और सोशल मीडिया पर छाया रहा। बिहार में उपमुख्यमंत्री पद से हटने पर तेजस्वी यादव ने 5 देशरत्न मार्ग स्थित सरकारी बंगला खाली किया। बीजेपी ने दावा किया कि सोफा सेट, एसी, बेड, वॉश बेसिन, टोटियां, लाइट्स और जिम उपकरण गायब हैं। आरजेडी ने इन्वेंट्री जारी करने की मांग की, लेकिन विवाद बढ़ गया। सम्राट चौधरी को आवंटित बंगले का निरीक्षण कर बीजेपी ने चोरी का आरोप लगाया।

दिल्ली में आप के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के कार्यालय से 250 कुर्सियां, टीवी, साउंड सिस्टम, एसी, सोफा और दरवाजे गायब पाए गए। बीजेपी नेता रविंदर नेगी ने इसका खुलासा किया। बिहार में कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम के सरकारी आवास से पंखा, कूलर और टोटियां चोरी हो गईं। ऐसे कई मामले सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग को उजागर करते हैं। कुल मिलाकर आम आदमी से लेकर उच्च पदस्थ नेता तक का यह रवैया लोकतंत्र की नींव हिला रहा है। सरकारी संपत्ति जनता की है, इसे निजी बनाने का चलन रोकना जरूरी। सख्त कानून और पारदर्शी हस्तांतरण प्रक्रिया ही समाधान है। ये घटनाएं समाज को आईना दिखाती हैं कि अवसरवादिता कहां तक फैल चुकी है।

# नये वर्ष में अनुत्तरित सवालों के जवाबों की तलाश

**ललित गर्ग**

एक और वर्ष इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुका है। वर्ष 2025 केवल कैलेंडर का एक अंक नहीं था, बल्कि वह घटनाओं, चेतावनियों, उपलब्धियों और विडंबनाओं का ऐसा संगम रहा, जिसने समाज, राजनीति और विकास की हमारी समूची अवधारणाओं को कठघरे में खड़ा किया। नये वर्ष में प्रवेश करते समय यह केवल उल्लास, संकल्प और शुभकामनाओं का क्षण नहीं है, बल्कि गहरे आत्ममंथन का अवसर भी है। सवाल यह नहीं कि नया साल हमें क्या देगा, सवाल यह है कि बीते वर्ष ने हमें क्या सिखाया और हम उन सीखों को अपने जीवन, नीतियों और प्राथमिकताओं में कितना उतार पाए। हर नया वर्ष अपने साथ उम्मीदों की नई रोशनी लेकर आता है, लेकिन वह बीते वर्ष की छायाओं से मुक्त नहीं होता। उन छायाओं को समझना और उनसे सबक लेना ही नये वर्ष की सच्ची शुरूआत है।

वर्ष 2025 की ओर दृष्टि डालें तो यह स्पष्ट होता है कि भारत और विश्व दोनों स्तरों पर विकास और संकट साथ-साथ चले। एक ओर भारत ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान, बुनियादी ढांचे और वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति को मजबूत किया, वहीं दूसरी ओर पहलगाम की आतंकी घटना, पर्यावरणीय आपदाएं, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और चिकित्सा की बढ़ती लागत, सामाजिक विषमता और राजनीतिक अविश्वास जैसे प्रश्न और भी गहरे होते चले गए। ये वे अनुत्तरित सवाल हैं, जिनके समाधान के बिना नये भारत और सशक्त भारत की संकल्पना अधूरी ही रहेगी। जाते हुए वर्ष के आंकडों एवं घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक से किसी राष्ट्र की वास्तविक स्थिति नहीं आंकी जा सकती, उसके लिए आम जनजीवन की सच्चाइयों को समझना जरूरी है।

पहलगाम की आतंकी घटना ने एक बार फिर आतंकवाद के भयावह चेहरे को उजागर किया, लेकिन उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल पीड़ित नहीं, बल्कि निर्णायक और साहसी प्रतिकार करने वाला राष्ट्र है। इस सटीक कार्रवाई ने पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद की पोल खोलते हुए दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और नागरिकों के जीवन के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। आतंक के विरुद्ध भारत की यह नीति-न तो उकसावे में आना, न ही चुप रहना, एक परिपक्व, सक्षम और आत्मविश्वासी राष्ट्र की पहचान बन चुकी है, जिसने सीमा पार बैठे आतंकी संरक्षकों को गहरा और ठोस जवाब दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राएं और उनकी वैश्विक नेतृत्व-छवि भारत के उभार को नई ऊंचाइयों तक ले जाती दिखती हैं। कूटनीति, निवेश, तकनीक और आपूर्ति-श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका सुदृढ़ हुई है, जिससे देश के भीतर विश्वास और आशाओं का संचार हुआ है। स्थिर शासन, सुधारों की निरंतरता और वैश्विक साझेदारियों के बल पर भारत का तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना अब एक दूर का स्वप्न नहीं, बल्कि साकार होता परिदृश्य प्रतीत होता है। आतंकवाद के विरुद्ध कठोर रुख, नक्सलवादमुक्त भारत और अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भर, नवोन्मेषी गति-इन तीनों ने मिलकर भारत को विश्व मंच पर निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

पर्यावरण वर्ष 2025 की सबसे बड़ी चेतावनी बनकर सामने आया। जलवायु परिवर्तन अब केवल वैज्ञानिक रिपोर्टों या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का विषय नहीं रहा, बल्कि वह आम आदमी के जीवन का कठोर यथार्थ बन चुका है। हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन, उत्तर भारत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, महानगरों में दमघोंटू प्रदूषण और तटीय इलाकों में चक्रवातों की बढ़ती तीव्रता-ये सभी घटनाएं एक ही संकट की अलग-अलग अभिव्यक्तियां हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, पूर्वोत्तर और अन्य राज्यों में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह दिखा दिया कि प्रकृति से खिलवाड़ का मूल्य सबसे पहले गरीब और वंचित चुकाते हैं। विकास की अंधी दौड़ में जब पहाड़ों को काटा जाता है, नदियों को बांधा जाता है और जंगलों को उजाड़ा जाता है, तो उसका परिणाम विनाश के रूप में सामने आता है। नये वर्ष में यह सवाल हमारे सामने खड़ा है कि क्या विकास का अर्थ केवल सड़कें, पुल, सुरंगें और ऊंची इमारतें है, या वह जीवन, प्रकृति और भविष्य की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। जब तक पर्यावरणीय संतुलन को विकास नीति के केंद्र में नहीं रखा जाएगा, तब तक हर नया साल नई आपदाओं की आहट लेकर आता रहेगा। वर्ष 2025 ने हमें यह सोचने को विवश किया है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य ही स्थायी विकास का एकमात्र रास्ता है। प्रदूषण और स्वास्थ्य का संकट भी 2025 में और अधिक गहराया। दिल्ली-एनसीआर सहित अनेक शहरों की हवा लंबे समय तक 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही। यह केवल प्रदूषण के आंकड़े नहीं थे, बल्कि करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य पर मंडराता खतरा था। जल प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे और रासायनिक अपशिष्ट ने गांवों और कस्बों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सवाल यह है कि क्या आर्थिक विकास के नाम पर हम अपने ही जीवन स्त्रोतों को नष्ट करने के लिए तैयार हैं। नया वर्ष यह सोचने की प्रेरणा देता है कि स्वास्थ्य केवल अस्पतालों और दवाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण उसका मूल आधार हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में 2025 ने कई कड़वी सच्चाइयों को उजागर किया। विदेशों में पढ़ाई लगातार महंगी होती गई और देश के भीतर निजी शिक्षा संस्थानों की फीस मध्यम वर्ग की पहुंच से भी बाहर होती चली गई। शिक्षा का बढ़ता बाजारीकरण गरीबी के दुष्चक्र को और मजबूत कर रहा है। गरीब का बच्चा शिक्षा से वंचित रहता है और अशिक्षा उसे फिर उसी गरीबी में धकेल देती है। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, चौराहों और कारखानों में काम करते बच्चों की तस्वीरें विकास के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। नया वर्ष यह गंभीर सवाल सामने रखता है कि क्या शिक्षा अधिकार है या विशेषाधिकार। यदि शिक्षा वास्तव में राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है, तो उसे बाजार की वस्तु क्यों बना दिया गया है। चिकित्सा व्यवस्था भी 2025 में आम आदमी की सबसे बड़ी चिंता बनी रही। सरकारी योजनाओं और दावों के बावजूद गंभीर बीमारी आज भी आर्थिक तबाही का कारण बन जाती है। निजी अस्पतालों की मनमानी, महंगी जांचें और दवाइयों की बढ़ती कीमतें यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या जीवन भी अब खरीदने-बेचने की वस्तु बन गया है। नया साल यह मांग करता है कि स्वास्थ्य को सेवा के रूप में पुनर्परिभाषित किया जाए, न कि मुनाफे के साधन के रूप में। महामारी और आपदाओं के अनुभव यह सिखाते हैं कि मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली ही किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होती है।

भ्रष्टाचार और राजनीति का संकट भी 2025 में लगातार चर्चा का विषय बना रहा। आरोप-प्रत्यारोप, घोटालों की खबरें और राजनीतिक कटुता ने लोकतंत्र के प्रति आमजन के विश्वास को कमजोर किया। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, बल्कि वह जनविश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही की निरंतर परीक्षा भी है। जब जनता को यह महसूस होता है कि नीतियां उसके हितों के बजाय कुछ चुनिंदा वर्गों के लिए बन रही हैं, तो असंतोष और निराशा जन्म लेती है। नया वर्ष यह सवाल उठाता है कि क्या राजनीति सेवा का माध्यम बनेगी या केवल सत्ता का साधन बनी रहेगी। वर्ष 2025 ने हमें यह सिखाया कि चुनौतियां केवल समस्याएं नहीं होतीं, वे भविष्य की दिशा भी तय करती हैं। पर्यावरण संकट हमें टिकाऊ विकास की ओर बुलाता है, शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियां हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाती हैं और गरीबी व भ्रष्टाचार हमें सामाजिक न्याय की अनिवार्यता समझाते हैं।


# दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बना पर्यावरण संकट

**कुलभूषण उपमन्यु**

पिछली डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक- निर्माण- शक्ति मानव के हाथ में दे दी तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरूआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया गया और उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है, जिसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं किन्तु विज्ञान का दुरुपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है, क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं, जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को सरेखित करती है और अपने तौर तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जो आगे बढ़ता ही जाएगा यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। 20-से 40 प्रतिशत भू-भाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है, जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। जलवायु से जुडी भीषण घटनाओं के कारण जन-धन की भारी हानि हो रही है। आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि 2040 तक तापमान वृद्धि दो डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएं चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी, और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे। इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं, जो मान भी रहे हैं वे भी हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए स्व घोषित लक्ष्य ही मानने तक सीमित रहना चाहते हैं। इस स्थिति से बाहर निकल कर कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे, खासकर हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती करनी होगी, जिसके लिए कार्बनमुक्त ऊर्जा विकल्पों की ओर मुड़ना होगा। सौर ऊर्जा, पवन उर्जा, हाइड्रो काईनैटीक ऊर्जा आदि विकल्प उपलब्ध और विकसित करने होंगे। पेट्रोल, डीजल पर दी जा रही सब्सिडी को हरित ऊर्जा की ओर मोड़ना पड़ेगा। अत्यधिक संसाधन दोहन और दुरुपयोग को नियंत्रित करने के लिए यूज एंड थ्रो उत्पाद पद्धति को बदल कर टिकाऊ और मुरम्मत किये जाने योग्य उत्पाद बनाने होंगे। बेकार पदार्थों और कचरे के पुनः चक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## दैनिक पंचांग

**30 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.48 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कुंभ | 09.34 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.07 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.38 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 14.18 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 16.16 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 18.29 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 20.45 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.57 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | तुला | 01.08 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.23 ब.से |
| | | धनु | 05.39 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 364 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** दशमी 07.52 बजे तदनन्तर एकादशी 05.01 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 03.59 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्ध 01.02 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 07.52 बजे, वणिज 18.30 बजे तदनन्तर विष्टि 05.01 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 09.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 10' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872574 **जूलियन दिन** 2461039.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रज्जब **तारीख** 09 **विशेष** पौष पुत्रदा एकादशी, तैलंग स्वामी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### एनएचआई की लापरवाही पर लगातार उठ रहे है सवाल

**चौपारण :** लोकनायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल से इलाज कराकर लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान हेमराज यादव (पिता रोहन यादव), निवासी लारा लुटूदाग, थाना राजपुर, जिला चतरा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हेमराज यादव बहेरा स्थित जयप्रकाश आई हॉस्पिटल से इलाज कराने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बहेरा मोड़ के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घटना को लेकर आई हॉस्पिटल के प्रबंधक संतोष पूरी ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यह दुर्घटना एनएचआई द्वारा कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में भारी लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के सामने से प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चे, मरीज और आम लोग गुजरते हैं, बावजूद इसके अब तक सड़क पर ब्रेकर नहीं लगाए गए हैं। कई बार संबंधित कंपनी और विभाग को लिखित व मौखिक रूप से अनुरोध किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा उपाय किए जाते तो इस तरह की दर्दनाक घटना से बचा जा सकता था। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त स्थल पर ब्रेकर लगाए जाएं और दोषी एजेंसी पर कार्रवाई की जाए।

### कार से चोरी, सीसीटीवी में ऑटो सवार दिखे संदिग्ध युवक

**पूर्वी सिंहभूम:** मानगो थाना क्षेत्र के राजवाड़ा पैलेस बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ी एक मारुति सुजुकी ऑल्टो कार से चोरी की घटना सामने आई है। यह वारदात रविवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कार मालिक इश्तियाक अहमद अपने परिवार के साथ एक निजी समारोह में शामिल होने के लिए बैंक्वेट हॉल पहुंचे थे और वाहन बाहर पार्क कर अंदर चले गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वे बाहर लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी कार के गेट का लॉक टूटा हुआ है। कार की जांच करने पर पता चला कि उसके अंदर लगा साउंड सिस्टम और अन्य कीमती सामान चोरी हो चुका है। इस घटना से स्तब्ध इश्तियाक अहमद ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों के साथ मानगो थाना पुलिस को दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक ऑटो रिक्शा और उस पर सवार दो से तीन युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दे रहे हैं।

# एसएनएमएमसीएच से चोरी हुआ बच्चा बरामद, एक महिला सहित चार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल से चोरी हुए नवजात बच्चे को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने बच्चे को चुराने वाली महिला सहित चार लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपित पैसे की लालच में बच्चा चोरी कर उसे बेचने की ताक में थे। पुलिस ने इस मामले में अस्पताल कर्मी इश्तियाक अंसारी, दलाल की भूमिका निभाने वाले हसिमुद्दीन अंसारी, पैसे देने वाले कौशल कुमार सिंह और अभिलाषा सिंह को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सोमवार को सरायढेला थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की लिखित शिकायत मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले के उद्भेदन को लेकर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में चोरी गये नवजात बच्चे की बरामदगी को लेकर छापेमारी दल का गठन किया गया था। गठित छापेमारी दल की ओर से कांड के अनुसंधान और नवजात बच्चे की बरामदगी के क्रम में यह बात सामने आई कि अभिलाशा सिंह नामक महिला भुली ओपी क्षेत्र में रहने वाली उसकी मामी राजकुमारी देवी जो निःसंतान है, उसे एक बच्चा दिलाने के लिए अभिलाशा सिंह बीते 18 दिसंबर को एसएनएमएमसीएच धनबाद जाकर वहां की नर्स और अस्पताल कर्मियों से सम्पर्क किया। इसी क्रम में उसकी मुलाकात इश्तियाक अंसारी और हसिमुद्दीन अंसारी से हुई। इन दोनों ने यह आश्वासन दिया कि आपका काम हो जायेगा। लेकिन इसके एवज में कुछ पैसे खर्च करने होंगे।

**तीन लाख रुपये में डील हुई फाइनल**

3 लाख रुपये में डील फाइनल होने के बाद अभिलाषा के पति कौशल सिंह ने उन्हें 80 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से और 70 हजार रुपये का चेक हसिमुद्दीन को दिया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने इश्तियाक अंसारी, हसिमुद्दीन अंसारी, अभिलाषा सिंह और कौशल सिंह को गिरफ्तार किया और चोरी किये गये नवजात बच्चे को भी सकुशल बरामद कर सोमवार को बच्चे के माता-पिता को सौंप दिया गया। पुलिस ने इनके पास से चोरी करने में प्रयुक्त उजले रंग के स्वीफ्ट कार , स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 70 हजार रुपये का चेक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि एसएनएमएमसीएच की महिला और प्रसूति विभाग में भर्ती मनियाडीह थाना क्षेत्र के भेलवे गांव की सरिता देवी के नवजात बच्चे को बीते 27 दिसंबर की रात्रि में चोरों ने चुरा लिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### चलकुशा पुलिस ने चोरी की घटना से बचने को लेकर आम जनता से की अपील



**चलकुशा :** थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे चोरी की घटना को देखते हुए आम लोगों से एक अपील की है खास कर जो निर्धारित समय के लिए घर को बंद करके दूसरे जगह रहते हैं उनलोगों से अपील की है और कहा है कि यदि कोई व्यक्ति घर को बंद करके बाहर में रहते हैं तो वे अपने की कीमती सामान को किसी सुरक्षित स्थान पर रखे और बाहर जाने से पहले अपने थाना को सूचित कर दें ताकि उनकी घर की सुरक्षा की जा सके साथ ही मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा की ये हजारीबाग पुलिस की एक अच्छी पहल है इससे चोरी की घटना से बचा जा सकता है।

### बूथ स्तर पर पार्टी का संगठन मजबूत करें कार्यकर्ताः कैलाश




**धनबाद:** राज्य में आगामी निकाय चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल तैयारियों में जुट गया है। इसी कड़ी में पार्टी की ओर से जिला स्तर पर लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जा सके। इसी क्रम में सोमवार को धनबाद सर्किट हाउस में राजद जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गिरिडीह और धनबाद के जिला अध्यक्षों सहित धनबाद जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, चुनावी रणनीति और कार्यकताओं की भूमिका को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मौजूद पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिया। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कैलाश यादव ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता धरातल पर सक्रिय रूप से काम करें। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं और उनकी मेहनत ही चुनावी सफलता की कुंजी है।

## पंचायत में एकजुटता की मिसाल, मुखिया के नेतृत्व में हुआ भव्य बनभोज सह विकास संकल्प कार्यक्रम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** बच्छई पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों के बीच आपसी समन्वय और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से मुखिया वीरेंद्र रजक के नेतृत्व में बनभोज सह विकास संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत के सभी कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं सहयोगी संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका, विद्यालय के शिक्षक, पंचायत सहायक, जेएसएपीएल के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित वार्ड सदस्य प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने आपसी सहयोग और समर्पण के साथ पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। मुखिया वीरेंद्र रजक ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत का समग्र विकास तभी संभव है जब सभी जनप्रतिनिधि और कर्मी एकजुट होकर जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जहां सहभागियों ने पंचायत को आगे बढ़ाने और उसका नाम रोशन करने का संकल्प दोहराया।

## बढ़ते शीतलहर के बीच विधायक ने विभिन्न क्षेत्र में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जमशेदपुर :** जमशेदपुर शहर में बढ़ती ठंड और शीतलहर के बीच जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू द्वारा जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में, सोमवार को विधायक पूर्णिमा साहू ने पूर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोलमुरी मंडल के बजरंगनगर एवं सीतारामडेरा मंडल के भुइयांडीह बाबूघाट के समीप सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें कंबल भेंट किया। कंबल वितरण कार्यक्रम से पूर्व भाजपा कार्यकताओं द्वारा क्षेत्र में घर-घर जाकर जरूरतमंदों को चिन्हित किया गया था। चिन्हित लोगों को कूपन देकर उन्हें ससम्मान कार्यक्रम स्थल पर आमंत्रित किया गया, जहां विधायक पूर्णिमा साहू की ओर से उन्हें कंबल प्रदान की गई। इस दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने लोगों की समस्याओं और आवश्यकताओं को भी जाना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना हमारा सामाजिक दायित्व है। क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए लोगों के बीच लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये कंबल जरूरतमंदों के लिए लंबे समय तक उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने लोगों से ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की और कहा कि ठंड को देखते हुए कंबल वितरण का अभियान आगे भी जारी रहेगा। भाजपा कार्यकर्ता ऐसे जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर उनके बीच सेवा कार्य निरंतर करते रहेंगे।

**कार्यालय- अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा**
Emil- daokoderma518@gmai.com
**आवश्यक सूचना।**
PR 368901 Agriculture Animal Husbandry & Co-operative Department (25-26) D दिनांक 20.12.2025 को INM/IPM की आवश्यकता से से संबंधित अल्पकालिन निविदा निकाली गई थी परन्तु आज दिनांक 29.12.2025 के मध्याह्न 12:00 तक एक भी निविदादाता द्वारा निविदा से संबंधित दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं की गई जिसके कारण निविदा रद्द की जाती है।
अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदाधिकारी
कोडरमा।
PR.NO.369597 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26):D

## अवैध खनन कर रहे 18 वाहन जब्त वसूला गया 11.32 लाख जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक सोमवार को हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली। डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि नवंबर महीने में खनन विभाग ने अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 18 वाहनों को जब्त किया है। 11 लाख 32 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया। वहीं 5 प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। जिला परिवहन कार्यालय की ओर से 12 वाहनों को जब्त कर 2 लाख 64 हजार रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया है। अलग-अलग अंचलों की ओर से की गयी कार्रवाई में 45 वाहन जब्त किये गये हैं जिसमें सबसे अधिक हरिहरगंज में 9 वाहन जब्त किये गये हैं।

**चेक पोस्ट को और सुदृढ़ करने का निर्देश**

उपायुक्त ने पिछ्ली बैठक के निर्णयों को लेकर जिले में अवैध बालू के परिवहन को रोकने को लेकर बनाये गये चेक पोस्ट के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने डीएमओ से चेक पोस्ट से जुड़े विभिन्न पहलुओं के संबंध में जानकारी लेते हुए चेक पोस्ट को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने सीओ को अपने क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले चेक पोस्ट का निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने सभी सीओ को निर्धारित बैठक से 5 दिन पूर्व खनन से जुड़ी कार्रवाई की रिपोर्ट खनन कार्यालय को भेजने की बात कही। उपायुक्त अंचल और थाना स्थल से अवैध परिवहन, खनन और भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की गयी।

### डीडीसी ने दिया खराब चापाकलों की नियमित मरम्मत करने का निर्देश

**खूंटी :** उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर एजेंडावार विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त की ओर से समीक्षा के क्रम में हर घर जल, झार जल पंचायत, ग्रे वॉटर मैनेजमेंट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, जल जीवन मिशन के तहत हो रहे जलापूर्ति की समीक्षा की। योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा करने के निर्देश दिया। साथ ही सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति को लेकर जरूरी निर्देश दिया गया। वहीं खराब चापाकल की नियमित रूप से मरम्मत करने के निर्देश दिया गया। वहीं पंचायतों में प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए उपलब्ध कराए गए ट्राय साइकिल की स्थिति की जानकारी ली गई । डीडीसी ने निर्देश दिया कि प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए ट्राय साइकिल का संचालन पंचायती राज विभाग की सहायता से शुरू किया जाए, जिससे दैनिक रूप से कचरा उठाव का कार्य प्रभावी ढंग से प्रारंभ हो सके।

इसे लेकर ठोस कार्यप्रणाली बनाने और इसके संचालन और रख-रखाव के लिए जरूरी निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित प्लास्टिक पृथक्करण केंद्रों को पूरी तरह क्रियाशील बनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया ताकि पंचायतों एवं ग्रामों को प्लास्टिक

**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com
Letter No.: JEPC/ QU/40/119/2025/6543 Date: 24/12/2025
**E-Tender Notice**
JEPC, Ranchi invites E-Bids for **Publishing and Supply of monthly magazine "PANKH", Science Magazine and Competitive Magazine.** Bidders can download bid documents from website ***https://jharkhand tenders.gov.in*** from 27.12.2025 (11.00 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 15.01.2026 up to 01:00 PM. The pre-bid meeting will be held on 02.01.2026 at 04:00 PM.
Sd/- **(Shashi Ranjan)**
State Project Director
PR.NO.369587 Jharkhand Education Project Council(25-26):D

**कार्यालय,जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा**
**प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड समन्वयक एवं प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए दावा आपत्ति संबंधी सूचना।**
प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड समन्वयक एव प्रखण्डस्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद परसंविदा के आधार परनियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों का अनिवार्य/ वांछनीय शैक्षणिक योग्यता एवंअनुभव (जहाँ आवश्यक हो) के प्राप्तांक के आधार पर तैयार सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाईट ूेपउकमहंण्दपबण्पद में कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यार्थीको कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति लिखित रूप में दिनांक 02/01/2026 से 10/01/2026 के पूर्वाहन्/ अपराहन् 10:00 से 5:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगामें दे सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्तदावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
उप विकास आयुक्त,
सिमडेगा
PR 369634 (Simdega)25-26*D

# हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय स्कूल फुटबॉल लीग का रोमांच, भारत-नेपाल की टीमों ने दिखाई ताकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** हजारीबाग स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल फुटबॉल ग्राउंड में 28 से 30 दिसंबर तक आयोजित की जा रही अंतरराष्ट्रीय स्कूल फुटबॉल लीग ने खेल प्रेमियों के बीच खासा उत्साह पैदा किया है। इस तीन दिवसीय प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में भारत और नेपाल के नामी स्कूलों की टीमों ने भाग लिया है। टूनार्मेंट को दो ग्रुपों में विभाजित किया गया है। ग्रुप अ में सेंट जॉन्स स्कूल, रांची; कैथोलिक आश्रम स्कूल, भुरकुंडा सेंट जोसेफ, महुआडांड़; तथा सेंट रॉबट्र्स स्कूल, हजारीबाग की टीमें शामिल हैं। ग्रुप इ में सेंट जेवियर्स गोदावरी, नेपाल; होली क्रॉस स्कूल, हजारीबाग; सेंट इग्नेशियस स्कूल, गुमला; तथा सेंट पॉल स्कूल, राउरकेला, ओडिशा की टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। पहले दो दिनों तक चले लीग मुकाबलों के बाद ग्रुप अ में सेंट जॉन्स स्कूल, रांची ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि सेंट रॉबट्र्स स्कूल, हजारीबाग दूसरे स्थान पर रहा। वहीं ग्रुप इ में सेंट इग्नेशियस स्कूल, गुमला ने ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया और होली क्रॉस स्कूल, हजारीबाग उपविजेता रहा। 30 दिसंबर को टूनार्मेंट के अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल सेंट जॉन्स स्कूल, रांची और होली क्रॉस स्कूल, हजारीबाग के बीच खेला जाएगा। दसरा सेमीफाइनल सेंट इग्नेशियस स्कूल, गुमला और सेंट रॉबट्र्स स्कूल, हजारीबाग के बीच होगा। इन मुकाबलों के विजेता टीमें दोपहर 2:30 बजे सेंट जेवियर्स स्कूल, हजारीबाग के फुटबॉल ग्राउंड में खेले जाने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी। इस अंतरराष्ट्रीय स्कूल फुटबॉल लीग का आयोजन ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन, सेंट जेवियर्स हजारीबाग; सेंट रॉबट्र्स हजारीबाग; और सेंट इग्नेशियस गुमला एवं सैलियंस फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह टूनार्मेंट न केवल स्कूली फुटबॉल को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का एक सशक्त मंच भी प्रदान कर रहा है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन पौल लकड़ा, रोसा के अध्यक्ष बिरसा मुंडा, संजय राज किंडो, मुकेश कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, होक्सा के सदस्य विकास किंडो, डेबो चौधरी, फैज अनवर, सियाज के सदस्य एवं प्रिंसिपल संत जेवियर्स, गोदावरी नेपाल फादर विजय टोप्पो, नीलकंठ कुमार, निदेशक सैलियंस फाउंडेशन, फादर रोशनर, प्रिंसिपल संत जेवियर्स हजारीबाग, फादर रंजीत मरांडी, रजत नाग, मुरारी सिन्हा, सेक्रेट्री, हजारीबाग फुटबॉल एसोसिएशन, विष्णु चरण स्वासी IKF स्काउट एवं अन्य उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 17/2025–26 (DMFT निधि)**
1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि :– दिनांक 05.01.2026 कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.01.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 06.01.2026 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :–1. **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं॰ 2, ध्रुर्वा, राँची।
2. **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग।
3. **कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का सीन :– 1. **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं॰ 2, ध्रुर्वा, राँची।
2. **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग।
3. **कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पुरा करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हजारीबाग | हजारीबाग | वित्तीय वर्ष 2025–26 में हजारीबाग कंट्रोल रूम से सिमरा रेस्ट हाउस तक (प्रथम कि0मी0) दो कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 24,91,200.00 | 50,000.00 | 5000.00 | एक माह |
| 1 | हजारीबाग | हजारीबाग | वित्तीय वर्ष 2025–26 में हजारीबाग जिला के कचहरी चौक से अन्नदा चौक पथ (गुरू गोविन्द सिंह पार्क के पास) एक कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 13,78,000.00 | 28,000.00 | 2500.00 | एक माह |

**निविदा की शर्ते** :– www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।
E-mail ID – eercdhazari-jhr@nic.in Tel. No. – 06546-225818
कार्यपालक अभियंता
प॰ नि॰ वि॰, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
PR.NO.369591 Road(25-26):D

## एक नजर

### तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने पिकनिक स्पॉट का लिया जायजा



**साहिबगंज :** जिला के तीनपहाड़ क्षेत्र में नए वर्ष के आगमन को लेकर युवा काफी उत्साहित है इसके अलावे थाना क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट हथिगड़ और जसकुटी के साहेब्बन काफी चर्चित है जहां लोग परिवार और दोस्तो के साथ पिकनिक मनाने आते है। नए वर्ष के दिन यहाँ काफी भीड़ भाड़ लगा रहता है। इसको देखते हुए तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने सोमवार को तीनपहाड़ के हथिगड़ पिकनिक स्पॉट और स्कूटी के साहेब्बन पिकनिक स्पॉट का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि दोनों जगहों पर पिकनिक को लेकर काफी भीड़ भाड़ होता है। जहां सुरक्षा को लेकर पुलिस ततपर है वहीं गस्ती दल के साथ निरीक्षण किया गया।

### मारपीट में पति-पत्नी घायल

**साहिबगंज:** जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के दरला गांव में बीते रविवार की देर रात पड़ोसी के साथ मारपीट में एक महिला और उसका पति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मनजीत महतो (30) और उसकी पत्नी अमिता देवी (24) पड़ोसी के साथ वाद विवाद में मारपीट हो गया। जिसमें दोनों पति-पत्नी घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया।

### आदिवासी टोला में घरों से बिजली मीटर की हुई चोरी

**पूर्वी सिंहभूम:** जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत कूचियाशोली पंचायत के मातापुर गांव स्थित भद्रडांगा आदिवासी टोला में असामाजिक तत्वों ने रविवार रात में अंधेरे का फायदा उठाते हुए टोला निवासी कांदन सोरेन और नानी मुर्मू के घरों से विद्युत विभाग की ओर से लगाए गए बिजली के मीटर की चोरी कर ली। हैरानी की बात है कि चोरों ने मीटर खोलने के बाद घरों के बिजली कनेक्शन को सीधे जोड़ दिया, इससे परिजनों को चोरी की भनक तक नहीं लगी।
घटना के दौरान कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित होने पर घरवालों को लगा कि लाइन में खराबी आ गई है, लेकिन थोड़ी देर बाद बिजली चालू हो जाने से किसी को संदेह नहीं हुआ। सोमवार सुबह जब परिजनों ने घर के बाहर देखा तो बिजली मीटर गायब मिला, इसके बाद चोरी का खुलासा हुआ।

### पेट्रोल पंप से तीन लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**चतरा:** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेय महुआ- ब्रह्मपुर पथ पर स्थित इंदु फ्यूल पेट्रोल पंप में रविवार देर रात हथियारबंद लुटेरों ने लूट की घटना का अंजाम दिया है। हथियार बंद दो अपाची बाईक से पांच की संख्या में आए नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर पेट्रोल पंप कर्मियों से जमकर मारपीट की। पंप में लातेहार जिला के तोतीहेसला गांव के दयानंद सिंह और गिद्धौर के बारिसाखी निवासी सौरभ पाण्डेय कार्यरत थे। मारपीट कर और भय दिखाकर लगभग तीन लाख रुपये नकद लूट लिया। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि कैमरे की डिवीआर में लूट की घटना कैद हो गई है।

# उधवा व राजमहल प्रखंड में 6.43 करोड़ की लागत से किया तीन योजनाओं का शिलान्यास : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** राजमहल विधायक आदरणीय मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को उधवा व राजमहल प्रखंड क्षेत्र में 6.43 करोड़ की लागत से तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। जानकारी के अनुसार राजमहल प्रखंड के प्रखंड परिसर में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से एक हजार मीट्रिक टन गोदाम के साथ तौल पुल और ऑपरेटर कक्ष के लिए 2.76 करोड़ एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 3.079 करोड़ की लागत से दाहु टोला से बालुग्राम तक 2.7 किलोमीटर तथा उधवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में 58.88 की लागत में पुस्तकालय फेज-2 का विधिवत फीता काट व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यकताओं ने बुके व फूल माला देकर विधायक का स्वागत किया। इस दौरान विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि राजमहल विधानसभा में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सहित अन्य तमाम क्षेत्रों में विकास कार्य हो रहा है।वहीं उधवा मुख्यालय में पुस्तकालय फेज-2 निर्माण का शिलान्यास के दौरान कहा कि पुस्तकालय निर्माण से स्थानीय लोगों को अनेक सुविधा मिलेगी। पुस्तकालय में सैकड़ो प्रकार की किताबें रहेगी। जहां स्थानीय लोग यहां आकर इसका लाभ ले सकते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, बीडीओ जयंत कुमार तिवारी, जिप सदस्य अब्दुल बारीक शेख, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली, मो अफजल, काजू मल्लिक, सकल हेंब्रम, विजय यादव, जैनुल आब्दीन, सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिविल सर्जन ने बोरियो सीएचसी का किया औचक निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोरियो :** सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान साहिबगंज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा ओपीडी रजिस्टर, उपस्थिति पंजी, आवश्यक दवाएं एवं अस्पताल परिसर में साफ-सफाई आदि का अवलोकन किए। सिविल सर्जन के द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए। कहा कि सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों को समय पर ड्यूटी आकर कार्य संपादन करने का निर्देश दिए इस मौके पर डॉ रोहित कुमार गोंड, डॉ विनोद कुमार, बीपीएम बिष्णु कुमार भगत, एमटीएस मनोहर पंडित, एलटी मिठू कुमार, स्वास्थ्यकर्मी अन्य उपस्थित थे।

## कृषि विभाग व आत्मा योजनाओं की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** कृषि निदेशक, झारखण्ड, रांची की अध्यक्षता में साहेबगंज जिले में कृषि विभाग एवं आत्मा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में कार्यरत सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा– बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मिट्टी नमूना संग्रह, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान समृद्धि योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की प्रगति से कृषि निदेशक को अवगत कराया गया। साथ ही केन्द्र प्रायोजित योजना "प्रति बूँद अधिक फसल" योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कृषि निदेशक द्वारा सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम एवं एटीएम को लंबित आवेदनों का अविलम्ब अधिष्ठापन पूर्ण कराते हुए भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त आत्मा योजना अंतर्गत किसान समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखंडों के बीटीएम एवं एटीएम को निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्र भ्रमण कर अधिकाधिक किसानों को योजना से आच्छादित करें तथा लक्ष्य के अनुरूप अपने-अपने प्रखंडों में सोलर पम्प का अधिक से अधिक अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि फसल प्रत्यक्षण हेतु संकुल चयन कर वितरित बीज के आधार पर उत्पादन एवं उत्पादकता से संबंधित प्रतिवेदन ससमय तैयार किया जाए। कृषि निदेशक द्वारा विभागीय व्यय में अविलम्ब वृद्धि लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।

## बर्खास्त 249 अनुसेवक तीन जनवरी से करेंगे पदयात्रा, समायोजन की लगायेंगे गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले के बर्खास्त 249 अनुसेवक तीन जनवरी से पदयात्रा करेंगे। सभी अनुसेवक अपनी मांगों को लेकर मेदिनीनगर से रांची तक पदयात्रा करेंगे और रांची पहुंचने पर मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर समायोजन की गुहार लगायेंगे। सोमवार को पदयात्रा को लेकर मेदिनीनगर में बैठक की गई और कार्यक्रम का निर्णय लिया गया।
उल्लेखनीय है कि नियुक्ति विज्ञापन में त्रुटि पाकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर झारखंड सरकार ने पलामू के 251 अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया था। बैठक के क्रम में अनुसेवकों ने कहा कि तीन जनवरी को पलामू समाहरणालय से पदयात्रा की शुरूआत होगी। सतबरवा में रात्री विश्राम किया जायेगा। चार जनवरी को पुनः सतबरवा से पदयात्रा शुरू होगी और लातेहार में रात्रि विश्राम होगा। 5 जनवरी को लातेहार से चंदवा, 6 को चंदवा से कुड्डू, 7 को कुड्डू से मांडर और 8 जनवरी को मांडर से रांची पहुंचने पर रात्रि में विश्राम किया जायेगा। लगभग 5-6 दिन पैदल चलने के बाद सभी बर्खास्त अनुसेवक रांची मुख्यमंत्री आवास या कार्यालय पहुंचेंगे और मांग पत्र सौपेंगे। अनुसेवकों ने कहा कि समायोजन की मांग को लेकर झारखंड सरकार से कई बार निवेदन करने एवं धरना प्रदर्शन के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिला। समायोजन करने के लिए किसी प्रकार की सरकारी पहल नहीं की गयी। नौकरी से हटाये जाने के बाद उनके घर की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। दो अनुसेवकों की इलाज के क्रम में पैसे के अभाव में मौत हो चुकी है। इसलिए अब मांगों को लेकर एकमात्र उपाय पदयात्रा करना ही रह गया है। बैठक में विवेका कुमार शुक्ला, मंदीप कुमार, संजीत कुमार यादव, सुधाकर दुबे, कृष्णा कुमार, विकास कुमार सहित अन्य अनुसेवक शामिल थे।

## साफ सफाई के साथ आवश्यक सेवाएं मुहैया कराए नगर पंचायत प्रशासन : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** नगर पंचायत कार्यालय राजमहल के सभागार में नगर क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विधायक ने कहा कि राजमहल में उत्तर वाहिनी गंगा होने के कारण यहां संथाल परगना के विभिन्न हिस्सों से लोग शव के अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं। लेकिन श्मशान घाट में कचरा का अंबार है और साफ सफाई नियमित नहीं है इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं श्मशान घाट जाकर विधि व्यवस्था से अवगत में जहां साफ सफाई के साथ-साथ दूरदराज से आए हुए लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था पेयजल की व्यवस्था एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नगर पंचायत प्रशासन अभिलंब करना सुनिश्चित करें। आयोजित विशेष बैठक में शहर की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं श्मशानघाट की नियमित सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके साथ ही राजकीय माघी पूर्णिमा मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर विशेष चर्चा की गई। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के उपरांत जरूरतमंदों एवं दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरण किया गया, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर राजमहल नगर पंचायत के निवर्तमान नगर अध्यक्ष, सभी वार्डों के वार्ड पार्षद, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मास्टर सोबरान मांझी पुस्तकालय, पाकुड़ में उत्कृष्ट पाठकों का सम्मान समारोह आयोजित

# वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाठकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के मास्टर सोबरान मांझी पुस्तकालय द्वारा वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाठकों के सम्मान समारोह का आयोजन डायट भवन, पाकुड़ में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने उपस्थित सभी पाठकों एवं प्रतिभागियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल जिले में पठन-संस्कृति, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण को मजबूती प्रदान करती है।उन्होंने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि एक सशक्त शैक्षणिक एवं सामाजिक इकोसिस्टम है, जहां से युवाओं के सपनों को सही दिशा मिलती है। उपायुक्त ने कहा कि पुस्तकालयों में बिताया गया समय जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और यादगार काल होता है। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थी एक-दूसरे से सीखते हैं और सामूहिक वातावरण में निरंतर प्रगति करते हैं। उन्होंने मास्टर सोबरान मांझी पुस्तकालय की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय वर्षों से अपनी गरिमा बनाए रखते हुए दो पीढ़ियों को आगे बढ़ते देखने का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत एवं वहां से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मियों को सम्मानित करने की परंपरा विकसित हो रही है, उसी प्रकार पुस्तकालय से जुड़े उत्कृष्ट पाठकों को सम्मान देना अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी पहल है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाठकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित पाठकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुस्तकालय ने उनके जीवन को सही दिशा देने और लक्ष्य प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### शीतलहरी को देखते हुए पाकुड़ जिले के सभी विद्यालयों में पठन-पाठन स्थगित




**पाकुड़ :** ज़िले में भारत मौसम विज्ञान विभाग, भारत और मौसम विज्ञान केन्द्र, झारखण्ड द्वारा जारी विशेष बुलेटिन के अनुसार राज्य में भारी ठंड एवं शीतलहरी की चेतावनी दी गई है। उक्त चेतावनी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिगत जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पाकुड़ जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा ङ्क्षसे कक्षा 12वीं तक पठन-पाठन का कार्य मंगलवार से 04 जनवरी 2026 तक स्थगित रहेगा। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत लागू किया गया है। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। हालांकि, यदि इस अवधि के दौरान किसी विद्यालय में पूर्व निर्धारित परीक्षा आयोजित है, तो संबंधित विद्यालय प्रबंधन अपने विवेकानुसार परीक्षा का संचालन कर सकते हैं, बशर्ते विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित सभी आवश्यक सावधानियों का पालन सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से अपील की गई है कि वे बच्चों को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बरतें तथा प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी निदेर्शों का अनुपालन करें।

### सड़क दुर्घटना पीड़ितों की कैशलेस उपचार योजना को लेकर टीएमएस-पीएफएमएस ऑनबोर्डिंग बैठक आयोजित



**साहिबगंज:** सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए संचालित कैशलेस उपचार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टीएमएस एवं पीएफएमएस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक निदेशक, एमवीएल की अध्यक्षता में की गई। बैठक के मुख्य रूप से-पीएफएमएस एकीकरण एवं डीएससी कॉनफि गरेशन टीएमएस 2.0 ऑनबोर्डिंग भारतीय रिजर्व बैंक में सब-एजेंसी खाता खोलना योजना से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से कैशलेस उपचार योजना के वित्तीय एवं तकनीकी संचालन को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, आईआरएडी/ईडीएआर मैनेजर मनोज कुमार, रोड सेफ़्टी मैनेजर नीरज कुमार, रोड इंजीनियर अनुज कुमार उपस्थित थे।

### आंधी से क्षतिग्रस्त बजरंगबली के मुकुट का हो रहा पुनरुद्धार मंदिर कमेटी की तत्परता की नगरवासियों ने की सराहना



**साहिबगंज:** बरहरवा प्रखंड में बीते दिनों आई तेज आंधी के कारण मां बिंदुवासिनी मंदिर परिसर स्थित बजरंगबली के मुकुट को क्षति पहुंची थी। इस घटना के बाद मंदिर कमेटी ने बिना विलंब किए पुनरुद्धार कार्य प्रारंभ कराया, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। कम समय में हुए इस कार्य से श्रद्धालुओं में विशेष संतोष और प्रसन्नता देखी गई। मंदिर कमेटी द्वारा लिए गए त्वरित निर्णय और सेवा भाव से किए गए कार्य की नगरवासियों ने खुले दिल से सराहना की। श्रद्धालुओं का कहना है कि बजरंगबली के मुकुट का पुनरुद्धार न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय है, बल्कि यह मंदिर कमेटी की जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और समर्पण को भी दशार्ता है।पुनरुद्धार कार्य पूर्ण होने के बाद मंदिर में पुनः नियमित पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तों ने मंदिर कमेटी के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह की तत्परता से किए गए कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। नगरवासियों ने आशा व्यक्त की भविष्य में भी मंदिर कमेटी इसी तरह धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, संरक्षण और सुचारु व्यवस्था के लिए सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

### जन्म-मृत्यु निबंधन पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** सदर प्रखंड सभागार में सोमवार को जन्म-मृत्यु निबंध से संबंधित प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार एवं अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर उपस्थित पंचायत निबंधन अधिकारी को संबोधित करते हुए समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि पंचायत एवं ग्राम स्तर पर जन्म एवं मृत्यु के निबंधन को लेकर सभी पंचायत स्तर के अधिकारी पूरी सतर्कता बरते। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेर्शों का पूरी तरह पालन करते हुए प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें। ताकि जन्म अथवा मृत्यु को लेकर किसी भी प्रकार की कोई गलत प्रमाण पत्र निर्गत ना किया जा सके। उन्होंने बताया कि जन्म अथवा मृत्यु की तिथि में भी पंचायत अथवा अन्य किसी स्तर पर भूल न हो इसको लेकर विशेष सतर्कता भारत में आवश्यक है। समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में जन्म और मृत्यु का प्रमाण पत्र प्रखंड स्तर से निर्गत किया जाता है। परंतु ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि अब यह प्रमाण पत्र पंचायत स्तर पर ही निर्गत कराया जा सके इसको लेकर ही पंचायत सचिव सह जन्म-मृत्यु निबंधन अधिकारी के साथ विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सदर प्रखंड के सभी 11 पंचायत के पंचायत सचिव के अलावा स्वास्थ्य विभाग के प्रखंड स्तरीय कर्मचारी तथा कई पंचायत के मुखिया भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सिमडेगा सुपर लीग टूर्नामेंट में बीरू और लचड़ागढ़ क्लब विजयी



सिमडेगा : जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में सुपर लीग टूर्नामेंट डिविजन बी में आज टूर्नामेंट के सातवें दिन दो मैच खेले गए। आज का पहला मैच बालबवान क्रिकेट क्लब और बीरू क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बालबवान क्रिकेट क्लब ने 23.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 78 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए बीरू क्रिकेट क्लब 06.02 ओवर में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य पूरा कर 10 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच बने सौरभ पासवान। आज का दूसरा मैच लचड़ागढ़ क्रिकेट क्लब और जेएससी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए लचड़ागढ़ क्रिकेट क्लब ने 25.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 165 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए जेएससी क्रिकेट क्लब 28.1 ओवर में 124 रन बनाकर धराशाई हो गई। इस तरह लचड़ागढ़ क्रिकेट क्लब ने 41 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच बने अभिषेक साहू।

### पीवीयूएनएल ने बालिका सशक्तिकरण के लिए शुरू किया 'जेम विंटर वर्कशॉप'

रामगढ़ : पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा पीवीयूएनएल टाउनशिप स्कूल परिसर में बालिका सशक्तिकरण को लेकर एक सप्ताहीय ह्यजेम विंटर वर्कशॉप का शुभारंभ हुआ। इस विशेष शुभारंभ कार्यक्रम में ए. के. सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा रेनू सहगल, अध्यक्ष, स्वर्णरेखा महिला समिति ने मुख्य रूप से शिरकत किया। एक सप्ताह की यह कार्यशाला पीवीयूएनएल की सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत आयोजित की गई है, जिसमें आसपास के गांवों से चयनित 26 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यशाला के दौरान बालिकाओं को कला एवं शिल्प, गणित एवं विज्ञान की बुनियादी समझ, भावनात्मक एवं शारीरिक विकास, आत्मरक्षा, तथा आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर ए. के. सहगल, सीईओ, पीवीयूएनएल ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बेटियाँ समाज की अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने प्रतिभागी बालिकाओं को अपनी छिपी प्रतिभाओं को पहचानने, आत्मनिर्भर बनने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

रामगढ़ : श्री कृष्ण विद्या मंदिर के विशाल एवं सुसज्जित प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का अत्यंत भव्य तथा उल्लास पूर्ण शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ माननीय मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) एवं अन्य विशिष्ट अतिथि विद्यालय सचिव विमल किशोर जाजू, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल तथा वरिष्ठ माननीय सदस्य महावीर अग्रवाल का सम्मान बुके देकर किया गया। तत्पश्चात स्वागत भाषण के द्वारा विद्यालय की उपलब्धियां, शैक्षणिक दृष्टि और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वैदिक परंपरा के अनुरूप दीप प्रज्वलन संपन्न हुआ, जिसने ज्ञान, ऊर्जा, आशा और सकारात्मकता के आलोक से पूरे वातावरण को आलोकित कर दिया। इसके पश्चात कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक ड्रिल ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जेएसएलपीएस की समीक्षा बैठक संपन्न, एफपीओ व आईएफसी क्लस्टर की कार्य प्रगति की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रामगढ़ : उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में रामगढ़ समाहरणालय भवन के ब्लॉक-बी सभाकक्ष में आज दिनाँक 29.12.2025 को जेएसएलपीएस रामगढ़ के अंतर्गत संचालित किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीओ) एवं आईएफसी क्लस्टर की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पलाश-जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित 10-के एफपीओ परियोजना से जुड़ी विभिन्न कंपनियों की कार्य प्रगति, गतिविधियों एवं आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में शामिल जिले में कार्यान्वित चार एफपीओ - दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड, धानी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड, चितरपुर, कुंदरूकला महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड, रामगढ़ सदर और रजरप्पा किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, लेखाकार सहित निदेशक मंडल सदस्य, सीएलएफ ओबी सदस्य एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उप विकास आयुक्त ने आईएफसी क्लस्टर के अंतर्गत प्राप्त राशि के उचित उपयोग, खाताबही संधारण, मूल्य संवर्धन तथा एफपीओ के माध्यम से किसानों की आमदनी में वृद्धि सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी कंपनियों को व्यापार विस्तार हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अब तक 9 आईएफसी में से 6 आईएफसी का भवन चिन्हित कर लिया गया है, शेष 3 आईएफसी में आगामी एक सप्ताह में भवन चिन्हित कर स्थापना करते हुए इन आईएफसी केंद्रों को योजनाकार संचालन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित आईएफसी एंकर ने जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों जैसे किसानों के मांग अनुरूप बीज की खरीद वितरण, सब्जियों की उन्नत खेती, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित कार्यों को साझा किया। उप विकास आयुक्त द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर पर लेयर बर्ड यूनिट का शीघ्र संचालन सुनिश्चित किया जाए। गोला प्रखंड में मक्का प्रसंस्करण यूनिट एवं लाह की खेती हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए। दुलमी एफपीओ द्वारा सरसों तेल एवं शकरकंद प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए। कुंदरूकला महिला एफपीओ, रामगढ़ सदर के कार्यालय स्थापना शीघ्र पूर्ण की जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने अपेक्षित मानकों के अनुरूप कार्य निष्पादन, पारदर्शिता, व्यवसायिक विस्तार तथा किसानों तक अधिकतम लाभ पहुँचाने हेतु एफपीओ को और सशक्त बनाने पर बल दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस), जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी, संकुल संगठन के पदाधिकारी, एफटीसी, एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, लेखाकार, निदेशक मंडल सदस्य, आईएफसी एंकर, सीआरपी सहित एफपीओ एवं जेएसएलपीएस से जुड़े अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## झामुमो के प्रखंड कमेटी ने विधायक का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कुरडेग : प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने प्रखंड अध्यक्ष नासीर अंसारी के नेतृत्व में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया का गर्मजोशी के साथ स्वागत किए। वहीं तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त कर कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी कार्यकताओं का बहुत बहुत धन्यवाद। आपकी मेहनत, आपका समर्पण, पार्टी को मजबूत बनाता है। आप सभी के बिना पार्टी को आगे बढ़ना मुश्किल है। आपका समर्थन पार्टी का जान है। आप सभी का यही उत्साह यही समर्पण हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आप सभी कार्यकताओं का योगदान अतुलनीय है। आपकी मेहनत, आपका समर्पण पार्टी को नई उच्चाइयों पर ले जा रहा है। आपको बताते चलें कि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के रिश्तेदार यहां शादी समारोह में शामिल होने कुरडेग प्रखंड के कुटमाकछार जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कुरडेग में रुककर अपने कार्यकताओं से मुलाकात किया। उस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जोहन खलखो, जॉर्ज कुजूर, शांति कुजूर, गणेश यादव, सरफराज अंसारी, अजहर अली, रंथु कुमार के आलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

**पूस जतरा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

## गांव की कला और संस्कृति समाज की आत्मा होती है : अशोक इंदवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



सिमडेगा : प्रखंड के सरंगापानी में आयोजित पूस जतरा में स्थानीय कला संस्कृति और मनोरंजन का जीवंत संगम देखने को मिला। संस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ लोक गायक जगदीश बड़ाईक की भक्ति वंदना से हुआ, जिसने दर्शकों का मन मोहा इसके बाद गायिका सोनी कुमारी तेजस्वीनी देवी गायक चन्दन दास लक्ष्मण सिंह ने एक से बढ़कर एक आकर्षक गीत प्रस्तुत करो मेला में समा बांध दिया। डांसर सारिका नायक ने अपने नृत्य से सभी दर्शकों का मन मोहते हुवे सभी को झूमने पर मजबूर करो दिया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कोलेबिरा अशोक इंदवार ने कहा की जतरा मेला गाँव में सामाजिक सद्भाव और एकता का सन्देश देता है उन्होंने कहा की गाँव की कला और संस्कृति समाज और देश की आत्मा होती है, इस तरह के आयोजन से गाँव की एकजुटता और अपनी प्राचीन कला संस्कृति के संरक्षण को बाल मिलता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सिकेंद्र प्रधान उपाध्यक्ष रामब्रित सिंह, बलराम सिंह, संजय सिंह, रामकिसुन सिंह, अनिल कुमार नायक, सचिव महिपाल लोहरा, उप सचिव मनोज सिंह, खिरोधर सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, राजू लोहरा, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, उप कोषाध्यक्ष धनेश्वर सिंह श्रवण सिंह व्यवस्थापक जयराम सिंह, संजीत सिंह, वीरेंद्र लोहरा, ने कार्यक्रम का सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई। मंच का संचालन अजय सिंह एवं रामधन सिंह ने किया।

## भुरकुंडा में अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन का भव्य आयोजन, एसपी को दिया गया निमंत्रण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी को इच्छा पूर्ण प्राचीन हनुमान मंदिर, भुरकुंडा बाजार में अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने रामगढ़ एसपी अजय कुमार को निमंत्रण पत्र सौंपा। समिति के सदस्यों ने एसपी से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान बुके भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। समिति ने बताया कि इस आयोजन में यूपी-बिहार के सुप्रसिद्ध स्टार भजन गायक कुमार अर्जुन का पावन आगमन हो रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप देने हेतु प्रशासन से भी सहयोग का अनुरोध किया गया है। निमंत्रण देने के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह, विनय मिश्रा, लोकेश कुमार, अभिषेक मिश्रा, सुनील यादव एवं संजय गोस्वामी उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि धार्मिक वातावरण के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द का संदेश देने वाला यह आयोजन क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखता है। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को एक साथ आने और भगवान की भक्ति में डूबने का अवसर मिलेगा। समिति ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिसमें भोजन, पेयजल और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। समिति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भगवान की भक्ति को बढ़ावा देना और क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द को प्रोत्साहित करना है।

## रौतिया समाज पूर्व से आदिवासी रहा है और आगे भी रहेगा : ओम प्रकाश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सिमडेगा : पीड़ियापोंछ तलमंगा ग्राम में आयोजित 28वाँ बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति प्रखंड स्तरीय विराट रौतिया महासम्मेलन का भव्य शुभारंभ प्रातः 5:00 बजे प्रभातफेरी के साथ हुआ। प्रभातफेरी के दौरान पूरे गांव में जय भवानी, जय रौतिया समाज के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। युवाओं एवं समाजबंधुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महासम्मेलन के पहले दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ शामिल रहीं। साथ ही पारंपरिक खेलों एवं कलाओं मुर्गा लड़ाई, आलू रेस, बल्लू फोर्ड, तीरंदाजी, भाला, सिलमबम, लाठी एवं तलवार कला का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। दूसरे दिन भी खेल प्रतियोगिताएं जारी रहीं, जिसमें 48 हॉकी (पुरुष), 16 फुटबॉल तथा 10 महिला टीमों ने सहभागिता की। दूसरी पाली में केंद्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश साय, केंद्रीय महासचिव आजाद सिंह, केंद्रीय सचिव चंद्र मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह सहित कई केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों का आगमन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह एवं ललन सिंह के नेतृत्व में वीर शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अतिथियों का स्वागत महिला समूह द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। प्रखंड अध्यक्ष रामजतन सिंह ने स्वागत भाषण में समाज को समरसता एवं भाईचारे के सूत्र में बंधे रहने का संदेश दिया। वहीं जगरनाथ सिंह ने स्वागत वक्तव्य के साथ अतिथियों का परिचय कराया।

# इंद मेला सामाजिक एकता, सांस्कृतिक उत्सव और भाईचारे का प्रतीक है : अनिल कंडुलना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



सिमडेगा : प्रखंड क्षेत्र के सिमिरिया में युवा क्लब संघ द्वारा इंद मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना और अन्य अतिथियों का पारंपरिक ढोल नगाड़े की थाप पर झूमते नाचते गाते हुए मंच तक लाया गया तत्पश्चात महिला मंडल समूह के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर तथा मेला समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा शोल ओढ़ाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। जतरा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और आयोजन समितियों के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्र के लोकप्रिय गायक जगदीश बड़ाईक और रुपेश बड़ाईक ने भक्ति वंदना कर शुरू की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने युवा क्लब संघ समिति और तमाम बांसजोर क्षेत्र वासियों को इंद मेला की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इंद मेला सामाजिक एकता, सांस्कृतिक उत्सव और भाईचारे का प्रतीक है। ग्राम वासियों से आपसी सहयोग और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इंद सिर्फ मेला नहीं यह हमारी संस्कृति है। श्री कंडुलना ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। यह मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि हमारी परंपराओं, विश्वासों एवं समृद्ध संस्कृति का एक हिस्सा है, जो विविधता में एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि परंपरा और संस्कृति हमारी माटी से जुड़ी है। मेला के माध्यम से हम सभी एकजुट होकर खुशियां मनाते हैं इससे आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। इस तरह का आयोजन लगातार होते रहे हम और हमारी झामुमो पार्टी आप लोगों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। ग्रामीणों से अपील है क्षेत्र में कोई भी समस्या हो हमसे जरूर संपर्क करें हम यथासंभव आप सबों का सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दर्शक बंधु और मेला प्रेमी शामिल हुए और कार्यकर्म का लुफ्त उठाया। मंच संचालन कृष्णा बड़ाईक और विषम्बर बड़ाईक ने किया। मौके पर दिलेश्वर साहू, मुकेश बड़ाईक, शंकर बड़ाईक राम बड़ाईक, पहान मतियास समद, झामुमो नेता रितेश बड़ाईक, दिलीप बा, सुरसेन समद, डोमनिक तिर्की व,विक्की बड़ाईक और झामुमो प्रखंड समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ विधानसभा में अटल स्मृति सम्मेलन का हुआ आयोजन




रामगढ़ : विधान सभा स्तरीय अटल बिहारी स्मृति सम्मेलन आज भाजपा जिला कार्यालय हाथमारा में अपराह्न 3 बजे आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित हो कर श्रद्धेय अटल जी को याद किया। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर एवं भारत माता के वीर सपूत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और सदैव अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन निवेदित किया गया। मुख्य अतिथि, मंचासीन अतिथियों एवं जिला के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर मंडल अध्यक्ष गण द्वारा सम्मानित और अभिनंदन किया गया। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया, संचालन जिला कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय जायसवाल द्वारा किया गया। अटल स्मृति सम्मेलन में बोलते हुए अमरदीप यादव ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन साधारण से असाधारण बनने के पीछे कई रोचक कथा है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। कारगिल युद्ध में उन्होंने अपने रणनीति से पाक को बुरी तरह से परास्त किया। उन्होंने विश्व को भारत के ताकत का एहसास कराते हुए पोखरण में अणु परीक्षण कर के दिखाया। उन्होंने अटल जी के साथ बिताए अविस्मरणीय क्षण को याद करते हुए स्मरण सुनाया। अटल जी नैतिकता और सुचिता के मिसाल थे। गोला और रजरप्पा मंडल को अंग वस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र कुशवाहा, स्नेहलता चौधरी, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, संतोष कुमार कुशवाहा, महेन्द्र प्रसाद, मच्छेंद्र कुमार, गौतम महतो, कुणाल दास, रीना देवी सहित अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सलडेगा में तीन दिवसीय गोटूल केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



सिमडेगा : गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास, सलडेगा परिसर में गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय गोटूल केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य गोटूल परंपरा के माध्यम से शिक्षकों को गोंडवाना समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विरासत से जोड़ना तथा भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें प्रशिक्षित करना है। शिविर के उद्घाटन से पूर्व भूमक सह अध्यक्ष देवनंदन प्रधान, शशि प्रधान, कोषाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी, उपाध्यक्ष बालसिंह प्रधान एवं श्याम किशोर प्रधान के नेतृत्व में प्रशिक्षु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ पारंपरिक विधि विधान से छह कुली देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के पश्चात गोंडवाना ध्वज फहराकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गोटूल व्यवस्था गोंडवाना समाज की पहचान है, जिसके माध्यम से बच्चों को संस्कार, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और सामूहिक जीवन का महत्व सिखाया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षु शिक्षकों को गोंडवाना इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, परंपराएं एवं सामाजिक मूल्यों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही गोटूल केंद्रों के संचालन, विद्यार्थियों से संवाद, अभिभावकों के साथ समन्वय तथा शिक्षक छात्र संबंधों को सुदृढ़ बनाने के व्यावहारिक गुर भी सिखाए जाएंगे। शिविर की विशेष बात यह है कि इसमें अन्य राज्यों से आए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिष्ठित लोग भी शामिल होंगे, जो अपने अनुभव साझा कर शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन करेंगे। इससे प्रशिक्षणार्थियों को व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त होगा और वे समाज के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे। शिविर को सफल बनाने में अर्जुन मांझी, अजय मांझी, दीपक मांझी, अनुज बेसरा सहित छात्रावास के विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान सराहनीय दे रहे हैं।

### पतरातू में अटल स्मृति सम्मेलन, अटल जी की विरासत को आगे बढ़ाने का लिया गया संकल्प



रामगढ़ : विधायक रोशन लाल चौधरी के पतरातू स्थित आवास में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की, जबकि जिला पार्षद सह पूर्व मंडल अध्यक्ष पतरातू राजाराम प्रजापति ने संचालन किया। कार्यक्रम की शुरूआत अटल जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सह बीजेपी झारखंड के उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद और मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ने अटल स्मृति सम्मेलन को संबोधित किया। राकेश प्रसाद ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे युग पुरुष थे जिन्होंने राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते हुए लोकतंत्र को नई ऊंचाइयां दी। उनका जीवन सादगी, सुशासन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा स्रोत है। सरोज सिंह ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, चतुर्भुज योजना, सर्व शिक्षा अभियान चलाकर देश को विकास की गति प्रदान की। उन्होंने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी लोगों को प्रेरित करता है। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन हमें सिखाता है कि कैसे सादगी और शुचिता के साथ राजनीति की जा सकती है। इस अवसर पर हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ संजय सिंह, रामगढ़ जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक राजू चतुर्वेदी, हजारीबाग जिला संयोजक कुणाल किशोर दूबे, कार्यक्रम सहसंयोजक रामगढ़ संतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, लक्ष्मी देवी, प्रवक्ता किसान मोर्चा अनिल राय, ओबीसी मोर्चा प्रभारी उतरी छोटा नागपुर पश्चिम प्रमंडल योगेश दांगी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रामगढ़ मो. वारिश खान, जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार और हजारीबाग जिला कोषाध्यक्ष मनोज गिरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नव मनोनीत सभी सम्मानित मंडल अध्यक्ष गण को सम्मानित किया गया।



# ठंडे मौसम का गर्म फैशन



"विंटर में आप मोनोक्रोम ड्रेसेस (सिंगल कलर की ड्रेस) या मिक्स एण्ड मैच दोनों तरह की ड्रेसिंग स्टाइल को ट्राय कर सकते हैं। मिनी स्कर्ट के साथ लैगिंग्स का कॉम्बिनेशन लुक में लाजवाब होता है। लैगिंग्स के फेब्रिक में चैंज चाहने वाले फैशन प्रेमी ऊनी लैगिंग्स भी ट्राय कर सकते हैं।

## वूलन में देखिए फील गुड फैक्टर

*ठंड ने न केवल दस्तक दे दी है बल्कि यह अपना असर भी दिखाने लगी है। फैशन के लिहाज से यह मौसम युवाओं के लिए अनुकूल होता है। और इसमें में भी यदि बात वूलन फैशन की हो तो क्या कहने। लेदर के साथ ही युवाओं में वूलन के प्रति क्रेज बना हुआ है। प्रस्तुत हैं वूलन फैशन को लेकर कुछ उपयोगी जानकारियां:-*

➢ वूलन बहुत ही ड्यूरेबल होते हैं। इनमें इतने कलर्स और डिफरंट पैटर्न की डिजाइन उपलब्ध हैं कि इन्हें ट्राई कर आप अपना एक बहुत ही सॉफ्ट, हॉट और स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट बना सकते हैं। चाहे मफलर हो, स्वेटर हो या फिर कैप ही क्यों न हो ये खूबसूरत लगते हैं।

इसलिए अपने रंग के अनुसार कलर चुनें और अपनी सुविधा का सबसे ज्यादा खयाल रखें। यानी फैशन का अंधानुकरण न करें। जो आप पर फबे, जचे और सुविधाजनक लगे वही फैशन अपनाएं।

➢ आप स्वेटर खरीदें या मफलर ये जरूर देख लें कि फेब्रिक की कम्पोजिशन क्या है। लेबल देखें। सही साइज देखें और सुनिश्चित कर लें कि यह आपके लिए सूटेबल है।

➢ यह ध्यान से देखें कि आप जो खरीद रहे हैं वह वेल मेड है कि नहीं। टॉप स्टीचिंग इवन होने चाहिए। लाइनिंग में पिकरिंग न हो। और किसी भी तरह का कोई लूज थ्रेड न हो। इन बातों का खास खयाल रखें।

➢ आप जिस फेब्रिक को खरीद रहें, क्या वह पहनने और चलने के बाद नाइसली फ्लो हो रहा है? क्या फेब्रिक का वेट आपको ठीक लग रहा है?


➢ ध्यान रखें कि आपने जो भी चीज खरीदी है वह आपकी बॉडी अगेंस्ट फील गुड करा रही है या नहीं। वह चुभने वाली या गड़ने वाली न हो।

स्कर्ट के साथ शार्ट जैकेट की बजाय थ्री फोर्थ या लांग जैकेट पहनें। लांग जैकेट को आप साड़ी सूट, शर्ट आदि के साथ भी पहन सकते हैं। शॉल की बजाय स्टोल लुक व उपयोग दोनों के लिहाज से बेहतर माने जाते हैं।

इस सीजन में दो डिफरेंट रंगों के कॉम्बिनेशन को ट्राय करें। अर्दी शेड वाली ड्रेस पर ब्राइट कलर का फंकी जैकेट या स्कार्फ ट्राय करें।

### एक्सपर्ट व्यू

विंटर में जंपर्स का कोई विकल्प नहीं है। कूल और कंफर्टेबल जंपर्स को आप कोट के साथ भी पहन सकते हैं। ब्लैक कोट का फैशन इस बार भी विंटर में इन रहेगा। ब्लैक कोट के साथ आप ऑरेंज, रेड और ग्रीन कलर का स्कार्फ या मफलर ट्राय कर ट्रेंडी लुक पा सकते हैं। फेब्रिक में शिमर के साथ ही मैटल और प्लास्टिक शाइन वाले फेब्रिक्स को ट्राय किया जा सकता है। पोल्का डॉट्स, अलग-अलग नेक पैटर्न्स वाले फर और फेदर के जैकेट, एनिमल प्रिंट्स आदि की डिमांड इस सीजन में खूब रहेगी।



# इक बंगला बने न्यारा...

## नए घर का निर्माण, वास्तु के अनुसार

- भूखंड पर किसी भी प्रकार का जल संसाधन लगवाना हो तो इसके लिए सदैव (हैण्डपम्प, कुंआ, जेटपम्प आदि के लिए) उत्तर-पूर्व दिशा अर्थात ईशान कोण ही सही रहता है।
- भवन में खिड़कियां तथा रोशनदानों के निर्माण का प्रमुख उद्देश्य घर में शुद्ध वायु का आगमन है।
- खिड़कियां तथा रोशन दानों का निर्माण सदैव दरवाजे के पास ही करें।
- दरवाजे के सामने या बराबर में खिड़कियां होने से चुंबकीय चक्र पूर्ण हो जाता है, जिससे भवन में सुख-शांति का वास होता है।
- खिड़की तथा रोशनदानों के निर्माण के लिए पूर्व, पश्चिम तथा उत्तर दिशा श्रेष्ठ एक शुभ फलदायक होती है।
- वायु प्रदूषण से बचाव के लिए घरों में शुद्ध वायु जिन दिशाओं से प्रवेश करे उनके विपरीत दिशाओं में एक्जॉस्ट फैन लगवाएं।
- भवन के उस भाग में जहां दो दीवारें मिलती हैं, खिड़कियां तथा रोशनदानों का निर्माण वहां न करवाएं। यह अशुभकारी निर्माण होता है।
- जब कोई व्यक्ति मुख्यद्वार में प्रवेश करता है तो मुख्य द्वार से निकलने वाली चुम्बकीय तरंगें उसकी बुद्धि को प्रभावित करती हैं।
- द्वार का भी सही दिशा में बनवाना आवश्यक है।
- प्रवेश द्वार सदैव अंदर की ओर खुलना चाहिए।
- प्रवेश द्वार दो पल्लों में हो तो बहुत ही उत्तम है।
- द्वार स्वतः ही खुलना व बंद होना नहीं चाहिए।





## जायकेदार बादाम-पिस्ते का हलवा

**समग्री:-** 100 ग्राम बादाम गिरी, 100 ग्राम पिस्ता, 150 ग्राम सूखी मलाई, 125 ग्राम मावा, 300 ग्राम शक्कर, 3-4 केसर लच्छे, हरी इलायची पावडर आधा चम्मच, 1 बड़ा चम्मच गुलाब जल, 125 ग्राम देशी घी।

**विधि:-** सर्वप्रथम मावे को दबा कर छलनी से मोटा-मोटा छान लें और मलाई की पतली स्ट्रिप्स काट लें। हलवा बनाने से 6-8 घंटे पूर्व बादाम पानी में भिगो दें।

तत्पश्चात बादाम के छिलके उतार कर मिक्सी में पीस लें। अब पिस्ता भी रवेदार पीस लें। कड़ाही में घी गरम कर बादाम को पानी सूख जाने तक भूनें। फिर पिस्ता डालकर तब तक सेकें, जब तक सिंकने की खुशबू न आए। अब इसमें मावा मिलाएं और थोड़ी देर और सेंक लें। मलाई डालकर 5 मिनट सेंकें। जब सिंकने की खुशबू आने लगे तब आंच से उतारें और केसर-इलायची व गुलाब जल मिला दें। शक्कर की 2 तार की चाशनी बना लें, इसमें मिश्रण डालें और गरमा-गरम मेवे का हलवा पेश करें।

## पौष्टिक बादाम मिल्क

**सामग्री:-** एक लीटर गाढ़ा दूध, 25 भीगे हुए बादाम, 100 चम्मच चीनी, आधा चम्मच इलायची पावडर, केसर कुछेक लच्छे।

**विधि:-** रात को भिगोए हुए बादाम का छिलका निकाल कर उसे मिक्सी में महीन पीस लें। एक कटोरी में थोड़ी मात्रा में दूध लेकर उसमें केसर भिगो दें। दूध को थोड़ी देर तक उबालें, फिर उसमें बादाम का पेस्ट मिलाइए। दूध को धीरे-धीरे हिलाते रहें ताकि वो तले पर चिपके नहीं। बादामयुक्त दूध को 20-25 मिनट तक पकाएं, फिर शक्कर डालें और थोडी देर तक पकाएं। अब इलायची और केसर घोल मिलाएं। गिलासों में भरकर बादाम का पौष्टिक दूध पेश करें। प्रचुर मात्रा में आयरन और कैल्शियम वाला यह दूध आपके शरीर के लिए फायदेमंद है।



# मंधाना ने 10,000 रन पूरे कर मिताली का रिकार्ड तोड़ा


## सबसे अधिक छक्के लगाने वाली खिलाड़ी भी बनी



**त्रिवेंद्रम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने यहां श्रीलंका के खिलाफ हुए चौथे टी20 मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान दो बड़े रिकार्ड भी अपने नाम किये है। इस मैच में मंधाना ने अपनी 80 रनों की पारी के दौरान ही 10,000 रन पूरे किये। वहीं मंधाना ये आंकड़ा सबसे तेजी से हासिल करने वाली पहली क्रिकेटर बन गई हैं। मंधाना ने जैसे ही अपने 27 रन बनाये वह 10000 रन बनाने वाली क्रिकेटर बन गयीं। महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतने रन बनाने वाली वह चौथी खिलाड़ी है। इससे पहले भारत की मिताली राज, न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स और इंग्लैंड की शार्लोट एडवर्ड्स ने ही इतने रन बनाये थे।

इसी के साथ ही मिताली राज का सबसे तेज 10000 रनों का रिकार्ड भी टूट गया। मंधाना ने अपने दस हजार रन 281 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बनाये जबकि मिताली ने ये रन 291 मैचों में बनाये थे। इसी के साथ वह महिला क्रिकेट में सबसे तेजी से 10,000 रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं हैं। वहीं इस मैच में तीन छक्के लगाते ही उनके कुल 78 छक्के हो गये हैं और वह सबसे अधिक छक्के लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी बन गयी है। इससे पहले भारत की ओ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 186 ज्ञ20द्ध मैचों में कुल 78 छक्के लगाए थे। हरमनप्रीत ने 186 टी20 मैचों में कुल 78 छक्के लगाए थे । वहीं मंधाना ने केवल 157 टी20द्ध मैचों में ही 80 छक्के लगा दिये। इससे वह भारतीय महिला टी20 क्रिकेट में छक्के लगाने के मामले में शीर्ष पर पहुंच गयी हैं।

# ग्लोब सॉकर अवार्ड्स 2025: रोनाल्डो को बेस्ट मिडिल ईस्ट प्लेयर अवार्ड, पीएसजी को मिले कई अवार्ड





**दुबई (एजेंसी)।** सऊदी प्रो लीग क्लब में अल-नसर टीम की ओर से खेल रहे पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को ग्लोब सॉकर अवार्ड्स 2025 के दौरान बेस्ट मिडिल ईस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया है। इस अवसर पर खुशी जताते हुए रोनाल्डो ने कहा कि इस खेल के प्रति उनकी दीवानगी बनी हुई है। उनका लक्ष्य अभी अपने करियर में 1,000 गोल दागना है।

यह अवार्ड सऊदी प्रो लीग क्लब में उनका प्रभाव दिखाता है क्योंकि उन्हें लगातार दूसरे साल ये समान मिला है।

रोनाल्डो ने हाल ही में अल नसर की ओर से दो गोल दागकर अपने क्लब और पुर्तगाल की ओर से कुल गोल की संख्या 956 तक पहुँचा दी है। ऐसे में अब वह एक या दो साल में 1,000 गोल का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

रोनाल्डो ने अवार्ड लेते समय कहा, बढ़ती उम्र में खेलना कठिन है पर मैं प्रेरित हू। मेरा जुनून अभी भी बना हुआ है और मैं खेल जारी रखना चाहता हू। चाहे मैं मध्य पूर्व में खेलूं या यूरोप में, मुझे हमेशा फुटबॉल खेलना पसंद है।

इस खिलाड़ी ने कहा कि उनका ध्यान अभी भी ट्रॉफी जीतने पर है और लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह पूरी मेहनत कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर वह फिट रहे तो 1000 गोल का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

इस अवार्ड समारोह में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के खिलाड़ी छाये रहे। उसके खिलाड़ी उस्माने डेम्बेले को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी,वहीं एटाना बॉनमाटे को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया। वहीं पीएसजी के ही लुइस एनरिके को सर्वश्रेष्ठ कोच, विटिंहा को सर्वश्रेष्ठ बेस्ट मिडफील्डर, लामिने यमाल को सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड व डेज़री डाउ को सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला।

# रोहित और विराट इस कारण विजय हजारे ट्रॉफी के तीसरे दौर में नहीं उतरे



**मुम्बई (एजेंसी)।** विजय हजारे ट्रॉफी के तीसरे दौर के मुकाबल सोमवार से शुरु हुए हालांकि इसमें अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहजी और रोहित शर्मा नहीं उतरे। विराट और रोहित ने शुरुआती दोनो ही दौर में दिल्ली और मुंबई की ओर से खेला था। दिल्ली तीसरे दौर के मैच में सौराष्ट्र, वहीं मुंबई की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ उतरी।

विराट ने दिल्ली के लिए अपने दो मैचों में काफी रन बनाये। आंध्र प्रदेश के खिलाफ उन्होंने 131 जबकि गुजरात के खिलाफ 77 रन बनाये। दूसरी ओर रोहित शर्मा ने सिक्किम के खिलाफ 155 रन बनाये पर उत्तराखंड के खिलाफ वह शून्य पर ही आउट हो गये।

रोहित और विराट इस मैच में खेलने इसलिए नहीं उतरे क्योंकि शुरुआत में ही दोनो ने दो-दो मैच खेलने की बात कही थी। दोनो को ही क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट खेलने को कहा था। इन दोनों दिग्गजों ने केवल दो मैचों खेलने पर सहमति दी थी जो पूरे हो गये, इसलिए ये तीसरे मैच में नहीं उतरे।

ये अब विराट और रोहित पर निर्भर करता है कि वो इस टूर्नामेंट में आगे खेलते है या नहीं। अगले साल की शुरुआत में 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम को 3 मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज खेलनी है, ऐसे में अगर ये दोनो ही विजय हजारे ट्रॉफी के और मैचों में खेलते हैं तो इन्हें अभ्यास का अच्छा अवसर मिल सकता है। इसी को देखते हुए कोहली 6 जनवरी को रेलवे के खिलाफ होने वाले मुकाबले में दिल्ली की ओर से खेल सकते हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित के अब विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की ओर से आगे खेलने की संभावना नहीं है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या को न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया जा सकता है हालांकि ये दोनो टी20 सीरीज में खेलेंगे जिससे 2026 टी20 विश्व कप के लिए लय हासिल कर लें। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम सीधे ही विश्वकप में उतरेगी। ऐसे में बुमराह और पंड्या के सभी पांच मुकाबले खेलने की संभावना है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज श्रीलंका के खिलाफ क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी



**तिरुवनंतपुरम (केरल) (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को जीतकर सीरीज 5-0 से अपने नाम करने उतरेगी । भारतीय टीम ने शुरुआती चार मैचों को जिस प्रकार आसानी से जीता है। उससे ये मुश्किल नजर नहीं आ रहा है। अब वह अंतिम मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन को आंकने का अवसर भी टीम प्रबंधनक को मिल रहा है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'यह सीरीज अब तक काफी अच्छी रही है। पिछले विश्व कप के बाद से ही हमने इसी बात पर बात की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में सफल होने आक्रामक रुख अपनाना होगा।

इस सीरीज में अब तक भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पिछले मैच में शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाये थे। वहीं गेंदबाजों वैष्णवी शर्मा और अरुंधति रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।

ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। वैष्णवी शर्मा और अरुंधति रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।

भारतीय टीम को हालांकि अपने क्षेत्ररक्षण को बेहतर बनान होगा। वह अभी तक इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। पिछले मैच में भी उसने विरोधी टीम के कैच और स्टंपिंग के अवसर खोये।

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने एक साल बाद इस वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दीप्ति शर्मा भी अच्छा प्रदर्शन करती आयी हैं। स्पिनर वैष्णवी ने अभी तक सीरीज में 5.73 की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए हैं जबकि बल्लेबाजी में शेफाली ने अब तक चार मैचों में तीन अर्धशतक बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 185.82 का है।

मंधाना के अच्छे फार्म में होने से भी टीम को लाभ हुआ है। इस बल्लेबाज ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 गेंद पर 80 रन बनाए और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने का प्रयास करेंगी। शेफाली और मंधाना ने चौथे मैच में आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए केवल 92 गेंदों में ही तेजी से 162 रन बनाये थे। ये महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की तरफ से पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही है। वहीं चौथे मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा और उसने केवल 16 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर इस फैसले को सही करार दिया। अब तक इस सीरीज में पहले तीन मैचों में गेंदबाज हावी रहे और कम स्कोर बने पर चौथे मैच में बल्लेबाज छाये रहे। भारतीय टीम ने जहां 221 रन बनाये। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 191 रन बना दिये। इससे तय है कि पांचवें मैच में टक्कर अच्छी होगी। मेहमान टीम श्रीलंका का लक्ष्य इस मैच को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना रहेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

# विजय हजारे ट्रॉफी : गोवा के खिलाफ मैच में खेलते नजर आयेंगे यशस्वी

नई दिल्ली । युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में बल्लेबाजी करते दिखेंगे । यशस्वी शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम की ओर से 31 दिसंबर को गोवा के खिलाफ मैच में खेलते हुए नजर आयेंगे । मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी के अनुसार यशस्वी पेट की तखलीफ के कारण शुरुआती दो मैचों से बार रहे थे । यशस्वी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग मैच के बाद पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके कारण उन्हें एक सप्ताह का आराम दिया गया था । प्राप्त जानकारी के वह 31 दिसंबर को गोवा के खिलाफ मैच खेलेंगे । विजय हजारे ट्रॉफी में अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा शुरुआती दो मुकाबलों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर नजर आए थे । वहीं अब यशस्वी उनकी जगह पारी की शुरुआत करेंगे । वह अन्य मैच भी खेल सकते हैं । इसके बाद भारतीय टीम को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलनी है जिसमें उन्हें अवसर मिल सकता है। यशस्वी ने इससे पहले दक्षिण अफीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में नाबाद 116 रन की पारी खेली थी. इसके बाद उन्होंने 14 दिसंबर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हरियाणा के खिलाफ 101 रन बनाए थे ।

# आईपीएल 2026 में मार्कराम पर रहेंगी नजरें, सुपर जायंट्स ने भरोसा बनाये रखा

नई दिल्ली । दक्षिण अफीकी बल्लेबाज एडेन मार्कराम ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से बेहतर प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे । मार्कराम 2025 सत्र में भी सुपर जायंट्स के साथ थे और उनका कहना है कि फ्रैंचाइजी के उन्होंने टीम में बनाये रहने से वह बेहद खुश हैं । मार्कराम ने गत सत्र में 13 मैचों में 34.23 की औसत और 148.83 के स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाए थे जिसमें 5 अर्धशतक भी शामिल थे । इसके अलावा उन्होंने चार विकेट भी लिए थे । इसी कारण उन्हें टीम ने अपने साथ रखा है । मार्करम ने कहा, मैंने पिछले साल लखनऊ फ्रैंचाइजी के साथ अपने समय का भरपूर आनंद लिया । मैंने साथी खिलाड़ियों से बहुत अच्छी दोस्ती की और टीम के साथ कुछ महीने बिताए। इसलिए मुझे रिटेन किए जाने पर बहुत खुशी है और निश्चित रूप से उनके साथ एक और सत्र खेलने के लिए उत्साहित हूं । उनसे यह भी पूछा गया कि टूर्नामेंट के इस सत्र वह किस प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे । जिस पर उन्होंने कहा, आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आपको एक टीम के रूप में वास्तव में अच्छा होना होगा । मुझे नहीं लगता कि हम पिछले सत्र में बहुत पीछे थे । यहां-वहां कुछ पल और कुछ परिणाम अलग दिखते । इससे पहले कि आप कुछ समझ पाते, आप नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुके होते हैं । इसलिए निश्चित रूप से किसी भी चीज को ज्यादा कठिन नहीं बनाना चाहिए । मुझे लगता है कि हमने जो चीजें अच्छी कीं, उन्हें फिर से करने की कोशिश करें और कुछ और महत्वपूर्ण क्षण जीतें । इससे पहले कि आप जानते हैं, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता हमारे लिए वास्तव में आशाजनक है । आईपीएल में हालांकि टीम को उम्मीद के अनुसार परिणाम नहीं मिले । ऋषभ पंत ने कप्तान के रूप में पद संभाला, जहीर खान टीम के संरक्षक थे । फिर भी, टीम प्लेऑफ से चूक गई, अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही । अब टीम का लक्ष्य इस सत्र में वापसी करना रहेगा ।

# साल 2025 में विश्व कप के बाद महिला क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू कई गुना बढ़ी

### -करार के लिए विज्ञापनादाता कंपनियों की लगी कतार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल महिला विश्वकप क्रिकेट ट्रॉफी जीतने के बाद ही भारतीय टीम की खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू बढ़ने से उनपर पैसे की बरसात हुई है।

टीम की खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू एकदम से बढ़ी है और उनके साथ करार के लिए कई कंपनियां आतुर हैं। स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर जैसी खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू दोगुनी से भी अधिक हो गयी है।

इन खिलाड़ियों को अपने विज्ञापन में शामिल करने के लिए ऑटोमोबाइल कंपनियों से लेकर बैंक और एफएमसीजी तक शामिल हैं। इसके अलावा खेल सामग्री बनाने वाली कंपनियां, जीवनशैली, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़ी कंपनियां भी इन्हें अपना ब्रांड एंबेस्डर बनाना चाहती हैं। मंधाना, ऋचा घोष और राधा यादव का प्रबंधन करने वाली कंपनियां भी इससे उत्साहित हैं और उनका मानना है कि ऐसा पहली बार हुआ है। इससे तय है कि महिला क्रिकेटरों का भविष्य उज्जवल है।

प्रबंधन से जुड़ी कंपनियों की एक प्रमुख ने कहा, 'हम उनके ब्रांड मूल्य में तेज उछाल देख रहे हैं। शीर्ष स्तर की किसी खिलाड़ी के विज्ञापन मूल्य में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी हो गई है। जेमिमा की कीमत 60 लाख रुपये से बढ़कर लगभग 1.5 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। शैफाली की कीमत 40 लाख रुपये से बढ़कर लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। हमें शीर्ष खिलाड़ियों के लिए 25-55 फीसद की बढ़त की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, 'हमें यह भी उम्मीद है कि यह जीत वाणिज्यिक बाजार में महिला क्रिकेट को मजबूत करेगी, जहां ब्रांड अल्पकालिक अभियान के बजाय दीर्घकालिक साझेदारी पर ध्यान देते हैं। महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और प्रशंसकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी ने भी खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने बताया, 'जेमिमा के फॉलोअर्स की संख्या दोगुनी 33 लाख हो गई है और शैफाली के फॉलोअर्स की संख्या में लगभग 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। बड़ा बदलाव यह है कि ब्रांड अब उन्हें केवल क्रिकेट सत्र तक सीमित चेहरे के रूप में नहीं देखते हैं और इससे खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में वृद्धि हो रही है।

महिलाएं उन ब्रांडों का प्रचार करके एक और सफलता हासिल करने के लिए तैयार हैं, जिनका अब तक प्रचार पुरुष खिलाड़ी करते रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम भारत में महिला खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री, जीवनशैली, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल तथा शिक्षा जैसे विभिन्न उद्योगों में रुचि देख रहे हैं। उत्साहजनक बात यह है कि शीर्ष महिला क्रिकेटर अब उन क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रही हैं जिन्हें पहले पुरुष-प्रधान माना जाता था। स्मृति हुंडई, गल्फ ऑयल, एसबीआई बैंक, पीएनबी मेटलाइफ जैसे ब्रांडों से जुड़ी हैं, जो पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहे हैं।

# डकार में चार पहिया वर्ग में इकलौते भारतीय टकाले कार रैली में पेश करेंगे चुनौती



नई दिल्ली । कार रैली ड्राइवर संजय टकाले लगातार दूसरी बार डकार रैली में चार पहिया वाहन वर्ग के 'क्लासिक श्रेणी (विंटेज कार रैली प्रतियोगिता)' में चुनौती पेश करने को तैयार है । वह इस वाहन वर्ग में इकलौते भारतीय रैली ड्राइवर होंगे । डकार रैली का आयोजन तीन से 17 जनवरी तक सऊदी अरब में होगा । टकाले डकार रैली के पिछले आयोजन में कुल 18वें और अपनी श्रेणी में 10वें पायदान पर रहे थे । फ्रांस के नेविगेटर मैक्सिम राउद के साथ 57 साल के ताकले टीम एयरोस्पेस रेसर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे । उन्हें फ्रांस की कंपनी सहारियन से तकनीकी और लॉजिस्टिक्स सहायता मिलेगी । ताकले के तीन दशक लंबे करियर में एशिया-पैसिफिक प्रोडक्शन कप का खिताब जीतने के साथ विश्व रैली की चुनिंदा चैम्पियनशिप प्रतियोगिताओं में भाग लेना शामिल है । उन्होंने 2025 डकार क्लासिक को पूरा करने को अपने करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया । टकाले ने कहा, 'मेरा लक्ष्य इस प्रतियोगिता को दोबारा पूरा करने के साथ निरंतरता और अनुशासन के साथ पिछले वर्ष के परिणाम से बेहतर करना है । डकार सिर्फ रैली रेस प्रतियोगिता नहीं है, यह सहनशक्ति और हौसले की परीक्षा है ।'

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन एशेज के अंतिम टेस्ट से बाहर हुए

सिडनी । इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं । एटकिंसन को मेलबर्न में खेले गये चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में चोट लग गयी थी । एशेज का पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच 4 से 8 जनवरी तक सिडनी क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा । एटकिंसन का बाहर होना मेहमान टीम इंग्लैंड के लिए करारा झटका है क्योंकि इस गेंदबाज ने चौथे टेस्ट में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।



इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार एटकिंसन को बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है जिसके कारण वह इस सीरीज से बाहर हो गये हैं। स्कैन में उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट पायी गयी है जिसके लिए उन्हें आराम करना पड़ेगा । एटकिंसन को चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान पांचवां ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था । ईसीबी के अनुसार इस तेज गेंदबाज की जगह किसी और खिलाड़ी का बुलाने का उसका कोई इरादा नहीं है। एटकिंसन ने इस सीरीज में पहले, दूसरे और चौथे टेस्ट मैच में खेला था । पहले मैच में वह विकेट नहीं ले पाये थे पर उन्होंने दूसरी पारी में 37 रन बनाये थे । वहीं दूसरे मैच में एटकिंसन ने एशेज में अपना पहला विकेट लिया । वहीं दूसरी पारी में दो विकेट लिए थे। तीसरे टेस्ट में उन्हें शामिल नहीं किया गया था ।

# बीसीसीआई का बड़ा बयान: गौतम गंभीर को हटाने की कोई योजना नहीं, अटकलें निराधार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि बोर्ड गौतम गंभीर की जगह किसी नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार कर रहा है। इससे पहले, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण से गौतम गंभीर की जगह भारत के अगले टेस्ट कोच बनने के लिए संपर्क किया गया था। ये खबरें तब सामने आईं जब गौतम गंभीर की कप्तानी में भारत को घर पर दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से करारी हार का सामना करना पड़ा। लगातार दो सालों में यह उनकी दूसरी करारी हार थी, इससे पहले पिछले साल इसी कोच के नेतृत्व में न्यूजीलैंड से 0-3 की शर्मनाक हार हुई थी।

न्यूजीलैंड से मिली करारी हार ने कभी मजबूत स्थिति में रही भारतीय टीम को आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने से वंचित कर दिया। प्रोटियाज को मिली इस ताजा हार के चलते आगे के नतीजों के आधार पर उन्हें इस प्रतिष्ठित एकमात्र टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबले में भी जगह बनाने से चूकना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए, बीसीसीआई उपाध्यक्ष शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि गौतम गंभीर को भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद से नहीं हटाया जाएगा।

शुक्ला ने एएनआई को बताया कि मैं मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में मीडिया में चल रही अटकलों के संबंध में यह स्पष्ट करना चाहता हूं। बीसीसीआई सचिव (देवजीत सैकिया) ने भी स्पष्ट कर दिया है कि गंभीर को हटाने या भारत के लिए एक नया मुख्य कोच लाने की कोई योजना नहीं है। इससे पहले, एएनआई से बात करते हुए, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट में नेतृत्व समूह में कोई बदलाव नहीं किया है।

सैकिया ने कहा कि यह खबर पूरी तरह से गलत है। यह पूरी तरह से अटकलबाजी है। कुछ प्रतिष्ठित समाचार एजेंसियां ??भी इसे प्रसारित कर रही हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। बीसीसीआई इसका सीधा खंडन करता है। लोग जो चाहें सोच सकते हैं, लेकिन बीसीसीआई ने कोई कदम नहीं उठाया है। यह किसी की कोरी कल्पना है; इसमें कोई सच्चाई नहीं है, और मैं इसके अलावा कुछ नहीं कह सकता कि यह तथ्यात्मक रूप से गलत और निराधार खबर है।

अब, भारत के सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती टेस्ट क्रिकेट नहीं, बल्कि पिछले साल रोहित शर्मा की कप्तानी में जीती गई टी20 विश्व कप ट्रॉफी का बचाव करना है। 7 फरवरी से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एक नई टीम के साथ उतरेगा। भारत मुंबई में उसी दिन अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और उसे ग्रुप ए में पाकिस्तान, नामीबिया, नीदरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है।



## भारतमाला प्रोजेक्ट जमीन घोटाले पर ईडी का एक्शन : छत्तीसगढ़ में नौ ठिकानों पर की छापेमारी

रायपुर (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर और महासमुंद में नौ विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। यह तलाशी अभियान भारतमाला हाईवे प्रोजेक्ट के तहत जमीन अधिग्रहण में हुए कथित मुआवजे घोटाले की जांच के सिलसिले में चलाया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी उन अनियमितताओं की जांच कर रही है जो रायपुर से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तक बनने वाले आर्थिक कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा वितरण के दौरान बरती गई थीं।बताया जा रहा है कि ईडी की टीमें हरमीत सिंह खनूजा, उनके सहयोगियों, कुछ सरकारी अधिकारियों और संबंधित जमीन मालिकों के परिसरों की सघन तलाशी ले रही हैं। जांच का मुख्य केंद्र भूमि अधिग्रहण के बदले दिए गए भुगतान में हुई कथित गड़बड़ियाँ हैं। भारतमाला प्रोजेक्ट देश की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत लगभग 26,000 किलोमीटर लंबे इकोनॉमिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। इन गलियारों का उद्देश्य स्वर्णिम चतुर्भुज और उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर के साथ मिलकर देश में माल ढुलाई के भार को सुगम बनाना है। वर्तमान में ईडी की कार्रवाई जारी है और इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों के मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## मराठी अभिनेत्री 1.5 करोड़ रुपये की फिरौती लेते रंगे हाथों धराई

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई पुलिस की एंटी-एक्सटॉर्शन स्क्वॉड ने गोरेगांव के एक बिल्डर से 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इन महिलाओं को उसी फिरौती की पहली किस्त 1.5 करोड़ रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा। मराठी अभिनेत्री हेमलता पाटकर के खिलाफ भी रंगदारी का मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों महिलाओं को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कांदिवली की रहने वाली हेमलता आदित्य



पाटकर उर्फ हेमलता बाने (39 साल) और सांताक्रूज की रहने वाली अमरिना इकबाल झवेरी उर्फ एलिस उर्फ अमरिना मैथ्यू फर्नांडिस (33) के रूप में हुई है। हेमलता पाटकर एक मराठी एक्ट्रेस हैं। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि हेमलता पाटकर के खिलाफ मेघवाड़ी पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 452, 323 और 504 के तहत पहले से ही एक आपराधिक मामला दर्ज है। जांच अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि यह जाँच करना ज़रूरी है कि उसने पहले कितने ऐसे अपराध किए हैं। इसलिए, उन्होंने पुलिस हिरासत बढ़ाने की मांग की। अभियोजन पक्ष के अनुसार, शिकायतकर्ता ने फिरौती की रकम कैसे दी जानी थी, इसके डिटेल्ड लिखित सबूत जमा किए हैं। पुलिस ने कहा कि हेमलता पाटकर के हैंडराइटिंग सैंपल अभी लिए जाने हैं, जबकि अमरिना झवेरी के वॉयस सैंपल अभी लिए जाने हैं। जांच अधिकारियों ने आगे कहा कि दोनों आरोपी महिलाएं जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। पुलिस को यह भी शक है कि आरोपियों ने दूसरे फरार आरोपियों के साथ मिलकर दूसरे पीड़ितों से फिरौती वसूलने की साज़िश रची होगी। शिकायतकर्ता, अरविंद गोयल (52), जो गोरेगांव पश्चिम के रहने वाले हैं और पेशे से बिल्डर हैं, ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने आंबोली पुलिस स्टेशन में उनके बेटे के खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले को निपटाने के लिए 10 करोड़ रुपये मांगे थे। बिल्डर ने इस संबंध में क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है।

## अलीगढ़ एसएसपी की पहल, दो दर्जन बच्चों का नशा छुड़ाकर, स्कूल में कराया दाखिला

अलीगढ़ (एजेंसी)। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और सड़कों पर भटकते नाबालिग बच्चों को नशे की लत असुरक्षित भविष्य में धकेल देती थी। रेस्क्यू के बाद बच्चों को उनके परिजन को सौंप दिया जाता था, लेकिन अलीगढ़ एसएसपी ने दिसंबर के दूसरे सप्ताह में रेस्क्यू इन बच्चों के लिए एक पहल शुरु की है। नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस ने 24 ऐसे बच्चों को न सिर्फ नशे की गिरफ्त से बाहर निकाला, बल्कि उन्हें शिक्षा के जागरुक कर जीवन की नई शुरुआत दी है। खास बात यह है कि गरीबी इन बच्चों की पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी। एसएसपी स्वयं इन बच्चों की स्कूल फीस भरेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन के निर्देशन में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) प्रभारी एकता सिंह ने टीम के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक जगहों पर अवैध केमिकल व साल्यूजन का सेवन कर रहे नाबालिग बच्चों को चिन्हित कर रेस्क्यू किया था। इसके बाद बच्चों को बाल संरक्षण केंद्र में रखा गया। जहां उनकी काउंसलिंग, देखभाल और मानसिक पुनर्वास किया गया। इस पहल का सबसे मानवीय पक्ष तब सामने आया, जब यह तय किया गया कि बच्चों की गरीबी उनकी पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी।

## आरोपी ने दुकानदारों को फर्जी पेमेंट होने फोटो दिखाकर लगाया 13 हजार का चूना

मेरठ (एजेंसी)। मेरठ के जाकिर कॉलोनी से ऑनलाइन धोखाधड़ी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक प्रैंक एप के जरिए दुकानदारों को फर्जी पेमेंट दिखाकर चूना लगा रहा था। अंततः दुकानदार की सतर्कता के कारण आरोपी पकड़ा गया और पुलिस की हिरासत में है। लोहियानगर थाना क्षेत्र की जाकिर कॉलोनी में सुहैल नाम के व्यक्ति की कन्फेक्शनरी की दुकान है। पिछले एक सप्ताह से साजिद नाम का युवक उनकी दुकान पर आ रहा था। वह सामान खरीदने के बाद मोबाइल पर ऑनलाइन पेमेंट होने का कन्फर्मेशन पेज (फोटो) दिखाता और चला जाता। सुहैल फोटो देखकर भरोसा कर लेता था कि पैसे ट्रांसफर हो गए हैं। लेकिन लगातार कई दिनों तक यह सिलसिला चलने के बाद सुहैल को शक हुआ। जब सुहैल ने अपनी बैंक डिटेल और स्टेटमेंट चेक किया, तब उसके होश उड़ गए। साजिद द्वारा दिखाए गए पेमेंट में से एक रुपया भी खाते में जमा नहीं हुआ था। तब तक आरोपी सुहैल को करीब 13 हजार रुपये का चपत लगा चुका था। इसके बाद जब साजिद फिर से सामान लेने पहुँचा और फिर से वहीं फर्जी फोटो दिखाई, तब सुहैल ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। खुद को फंसता देख आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर दी।

# उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दीजअब आया बारिश का अलर्ट, 7 राज्य झेलेंगे मौसम की दोहरी मार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के अधिकांश राज्यों में भीषण ठंड और घने कोहरे का कहर जारी है। इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश समेत उत्तर-पश्चिम भारत के पांच राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि, मौसम विभाग ने यह राहत भरी खबर भी दी है कि आने वाले तीन दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत के निवासियों को हाड़ कंपाने वाली ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। राजधानी दिल्ली में सोमवार को भी सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई, जिससे दृश्यता काफी कम रही और जनजीवन प्रभावित हुआ।

मौसम विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। पहाड़ी क्षेत्रों की बात करें तो जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 29 दिसंबर को बारिश और उसके बाद 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक भारी बारिश या बर्फबारी की चेतावनी दी गई है। इस दौरान हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में भी बर्फबारी और मैदानी हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है।

तापमान के उतार-चढ़ाव को लेकर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटों में उत्तर-पश्चिम भारत के न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे ठंड से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि, इसके बाद के तीन दिनों में तापमान में फिर से 2 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। मध्य और पूर्वी भारत में अगले 24 घंटों तक स्थिति यथावत रहेगी, लेकिन उसके बाद वहां भी न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। देश के बाकी हिस्सों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है।

कोहरे और शीत लहर का संकट फिलहाल पूरी तरह टला नहीं है। 31 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिम उत्तर प्रदेश में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाया रह सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोहरे का यह असर 1 जनवरी तक बने रहने की संभावना है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे असम, मेघालय और त्रिपुरा में भी घने कोहरे के कारण यातायात प्रभावित हो सकता है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 29 दिसंबर को शीत दिवस जैसी स्थिति रहने का अनुमान है, जबकि पंजाब और हरियाणा में 30 दिसंबर को शीत लहर का प्रकोप देखा जा सकता है। नए साल के स्वागत के दौरान बारिश और बर्फबारी के इस मेल से पर्यटकों के चेहरे खिल सकते हैं, लेकिन मैदानी इलाकों में ठिठुरन बनी रहेगी।

## 'घरवाली पेड़वाली' में प्रियंवदा कांत का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई (एजेंसी)।** एण्डटीवी का शो घरवाली पेड़वाली अपनी अनोखी कहानी, हास्य, अलौकिक तत्वों और भावनात्मक जुड़ाव के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। शो में खास रंग भर रही हैं प्रियंवदा कांत, जो लतिका का किरदार निभा रही हैं। वह एक पारंपरिक, भावुक और हास्य से भरी दुल्हन की आत्मा है, जो सालों से अपने दूल्हे का इंतजार कर रही है। असल जिंदगी में प्रियंवदा अपने मॉडर्न अंदाज, स्टाइलिश फैशन और बिंदास पर्सनैलिटी के लिए जानी जाती हैं, लेकिन पर्दे पर उनका रूप पूरी तरह अलग है। अपने अनुभव साझा करते हुए प्रियंवदा कांत कहती हैं, लतिका का किरदार निभाना मेरे कॅरियर के सबसे चुनौतीपूर्ण लेकिन सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। ऑफ-स्क्रीन मैं काफी मॉडर्न हूं, फैशन के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती हूं और मेरी एनर्जी भी काफी बोल्ड है। लेकिन लतिका बिल्कुल उलट है-वह पारंपरिक, सरल और थोड़ी सी अजीब लेकिन बेहद प्यारी है। वह एक अलग दौर और सोच से आती है, इसलिए उसके पहनावे से लेकर बोलने और हालात पर प्रतिक्रिया तक सब कुछ उस जमाने जैसा होना जरूरी था। उन्होंने आगे कहा, लतिका पुरानी सोच की होते हुए भी न तो नीरस है और न ही कमजोर। उसके अंदर मासूमियत है, अपना अलग आकर्षण है और आज की दुनिया से टकराती उसकी सोच से ही उसका हास्य पैदा होता है। इस किरदार को निभाने के लिए मुझे उसके अधूरे प्यार, दुल्हन के रूप से जुड़ाव और समझे जाने की उसकी चाह को गहराई से समझना पड़ा। भावनाओं और कॉमेडी के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती थी। अपने लुक और तैयारी पर बात करते हुए प्रियंवदा बताती हैं, हर दिन दुल्हन का भारी जोड़ा और गहने पहनकर शूट करना आसान नहीं होता, खासकर लंबे शूटिंग शेड्यूल में। लेकिन यही मुझे लतिका की दुनिया में ले जाता है और उसकी भावनाओं से जोड़ता है।

## कर्नाटक में नेतृत्व की रार: डीके शिवकुमार का सत्ता के स्थायित्व पर प्रहार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजनीति में फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर खींचतान तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार द्वारा हाल ही में दिए बयानों ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया गुट में हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस स्थापना दिवस के मौके पर शिवकुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती, इस बयान को सीधे तौर पर सिद्धारमैया के लिए एक कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने इतिहास का हवाला देकर कहा कि सिकंदर महान और सद्दाम हुसैन जैसे शक्तिशाली लोग भी हमेशा के लिए नहीं रहे। उनके इस बयान के पीछे दो प्रमुख संकेत छिपे हैं। जहां शिवकुमार यह जताना चाहते हैं कि ढाई साल का कार्यकाल (मिड-टर्म) पूरा होने के बाद अब नेतृत्व परिवर्तन का समय आ गया है। उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के बाद कहा कि वे केवल भाषण देने वाले नेता नहीं हैं, बल्कि उन्होंने पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर काम किया है। यह सिद्धारमैया की तुलना में खुद को अधिक निष्ठावान पार्टी कैडर दिखाने की कोशिश है। 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से ही सत्ता-साझाकरण समझौते की चर्चाएं जोरों पर हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद का गुप्त समझौता हुआ था। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि वे अपना पांच साल का पूरा कार्यकाल निभाएंगे। उन्होंने हाल ही में एक गुप्त समझौते की ओर इशारा किया है, हालांकि उन्होंने इसके विवरण साझा नहीं किए। भले ही दोनों नेता कैमरे के सामने एकजुट होने का दावा करते हों, लेकिन शिवकुमार की टिप्पणियां साफकरती हैं कि कांग्रेस के अंदर सब कुछ ठीक नहीं है। नेतृत्व के इस भ्रम से शासन व्यवस्था और पार्टी की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब सबकी निगाहें कांग्रेस आलाकमान पर टिकी हैं कि क्या वे 2026 की शुरुआत में किसी बड़े बदलाव की अनुमति देगा या यथास्थिति बनाए रखेगा।

## संघ की तारीफ पर राहुल गांधी ने दिग्विजय से दो टूक कहा- ये आपने ठीक नहीं किया



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की तारीफ करने को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर चुटकी ली है। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान यह वाकया सामने आया, जहां राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह से मुलाकात के दौरान उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान जब दोनों नेता आमने-सामने आए, तो राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह से हाथ मिलाते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, कल आपने गलत व्यवहार कर दिया। राहुल गांधी की इस टिप्पणी को सुनकर वहां मौजूद सोनिया गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता अपनी हंसी नहीं रोक पाए। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच कुछ देर तक चर्चा भी हुई।

विवाद की शुरुआत 27 दिसंबर को हुई, जब दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पुरानी तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी नजर आ रहे हैं। तस्वीर साझा करते हुए दिग्विजय सिंह ने आरएसएस और भाजपा के अनुशासन की सराहना की थी। उन्होंने लिखा था कि यह बहुत प्रभावशाली है कि कैसे एक जमीनी स्वयंसेवक और कार्यकर्ता, नेताओं के चरणों में फर्श पर बैठकर देश का प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन जाता है। उन्होंने इसे संगठन की असली ताकत बताया था।

पार्टी के भीतर तीखी प्रतिक्रिया दिग्विजय सिंह के इस बयान ने कांग्रेस के भीतर हलचल मचा दी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्थापना दिवस के संबोधन में बिना नाम लिए अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने कभी संविधान और धर्मनिरपेक्षता से समझौता नहीं किया है। वहीं, अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। नेताओं का कहना था कि कांग्रेस को गांधी के हत्यारे की विचारधारा वाले संगठन से कुछ भी सीखने की जरूरत नहीं है। कुछ सांसदों ने तो इसकी तुलना चरमपंथी संगठनों से करते हुए कहा कि नफरत फैलाने वाली विचारधारा से प्रेरणा नहीं ली जा सकती। दिग्विजय सिंह ने दी सफाई विवाद बढ़ता देख दिग्विजय सिंह ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के घोर विरोधी हैं, उन्होंने केवल संगठन चलाने की कार्यशैली की बात की थी। सिंह ने जोर देकर कहा कि नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति उनकी निष्ठा अटूट है और भाजपा विपक्षी एकजुटता में दरार पैदा करने की कोशिश कर रही है।

## बीएमसी चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की 66 उम्मीदवारों की पहली सूची

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बीएमसी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पहली सूची जारी कर दी है। चुनाव में भाजपा बीएमसी की 227 सीटों में से 140 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, शिंदे की सेना 87 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीजेपी ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव के लिए अपने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। ये चुनाव अगले साल जनवरी में होने हैं। महायुति के नेतृत्व वाली भाजपा राज्य में हाल ही में हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित है और नगर निगम चुनावों में भी उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहती है। भाजपा, उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के साथ गठबंधन में बीएमसी चुनाव लड़ रही है। भाजपा बीएमसी की 227 सीटों में से 140 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, शिंदे की सेना 87 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस लगातार शिवसेना का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने भाजपा नेताओं को शिंदे की पार्टी पर हमला न करने का निर्देश भी दिया था। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था, भाजपा और शिवसेना एकजुट हैं। सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। हमें औपचारिक रूप से गठबंधन की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि महायुति आगामी मुंबई नगर निगम चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा था, मुंबई नगर निगम में महायुति सरकार बनाने और अंधकार छंटेगा, सूर्य उदय होगा और कमल खिलेगा के नारे को साकार करने का संकल्प है। यह चुनाव नगर निकाय में पारदर्शी और ईमानदार शासन स्थापित करने के उद्देश्य से लड़ा जा रहा है।

## श्रद्धा कपूर का 'मी टाईम- रिच मारी टाईम' : बिस्क फार्म लेकर आए दिल को छूने वाला चाय ब्रेक कैंपेन

**पटना (एजेंसी)।** भारत के सबसे पसंदीदा और स्वदेशी बिस्किट ब्राण्ड्स में से एक बिस्क फार्म- बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री- सुपरस्टार श्रद्धा कपूर के साथ हाथ मिलाकर अपनी 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है। यह साझेदारी ब्राण्ड की यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो ताजगी, भरोसे और आधुनिक अपील का प्रतीक है- ये वे मूल्य हैं जिनके लिए बिस्क फार्म और श्रद्धा कपूर दोनों को जाना जाता है। अपने आकर्षण, बहुमुखी व्यक्तित्व और हर उम्र के दर्शकों के साथ मजबूत कनेक्शन के लिए विख्यात श्रद्धा कपूर- ब्राण्ड के मूल्यों की तरह- परम्परा और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन हैं। फिल्म में श्रद्धा कपूर अपने मी टाईम का आनंद उठाती हुई दिखाई देती हैं, जहां वे डांस के जरिए अपने सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव रूप को दिखाती हैं, दुनिया की परवाह किए बिना अपने जोन में खो जाती हैं। इन पलों के साथ, फिल्म मी टाईम- रिच मारी टाईम रिचुअल पर रोशनी डालती है, जहां चाय का एक कप और रिच मारी बिस्किट रोजमर्रा की दुनिया से ब्रेक लेने का शानदार तरीका है। कहानी में अपनेपन की गर्माहट और आकर्षक अभिव्यक्ति का संयोजन दिखाया गया है, यह दशार्ती है कि कैसे चाय का हर पल रिच मारी टाईम में बदल जाता है तथा ब्रेक और भी रिच एवं और भी मजेदार बन जाता है। बिस्क फार्म रिच मारी- मारी बिस्किट कैटेगरी में एक जाना-माना नाम है, जिसे भारत के सबसे पसंदीदा रिचुअल-चाय टाईम के लिए सोच-समझ कर डिजाइन किया गया है। ऐसी संस्कृति में जहां मी टाईम- चाय टाईम बन जाता है, रिच मारी छोटे से ब्रेक को आराम और गर्माहट से भरे पलों में बदल देता है। इस एसोसिएशन पर बात करते हुए साज फूड प्रोडक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विजय सिंह ने कहा, ह्यरिच मारी इस अवधारणा पर आधारित है कि अपने लिए समय निकालना लक्जरी नहीं बल्कि आज की तेजी से दौड़ती जिंदगी में बेहद जरूरी है। आप गृहिणी हैं, कामकाजी हैं या दिन भर काम में व्यस्त रहते हैं, सभी के ब्रेक लेने और अपने आप से जुड़ने के लिए छोटा सा मी-टाईम चाहिए होता है। श्रद्धा कपूर इसी प्रमाणिकता और तालमेल को दशार्ती हैं, ऐसे में वे रिच मारी ह्यमी टाईम दृष्टिकोण को जीवन में उतारने के लिए परफेक्ट चेहरा हैं। मिस श्रद्धा कपूर ने कहा, मेरे लिए मी-टाईम का मतलब ऐसे पलों का आनंद उठाने से है, जो सच में अपने महसूस होते हैं।

## अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, केंद्र और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री की भूमिका उजागर करता

-कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बोला हमला



**नई दिल्ली।** अरावली पहाड़ियों की पुनर्परिभाषा को लेकर चल रहे विवाद पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश ने पर्यावरण मंत्री की भूमिका को उजागर किया है। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से पर्यावरण मंत्री अरावली की पुनर्परिभाषा के मुद्दे पर उन पर और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर राजनीति करने के आरोप लगा रहे थे, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट में सच्चाई सामने आ गई है।

कांग्रेस नेता रमेश के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र द्वारा आगे बढ़ाई जा रही अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा पर रोक लगा दी है। रमेश ने आरोप लगाया कि केंद्र अरावली जैसे संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर करने पर आमादा है, जबकि यह क्षेत्र दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और खासतौर पर राजस्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 19 जिले अरावली से सीधे जुड़े हैं और खुद पर्यावरण मंत्री भी इसी क्षेत्र से आते हैं।

कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि पर्यावरण मंत्री एक ओर सरिस्का अभ्यारण्य में बाघों के महत्वपूर्ण आवास की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने में लगे हैं और दूसरी ओर अरावली को लेकर गहलोत और उनके खिलाफ राजनीति करने का आरोप लगा रहे थे। रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अब यह साफ हो गया है कि केंद्र सरकार की दलीलें टिक नहीं पाईं।

इस बीच, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को दिए उस आदेश को स्थगित करना बेहद राहत भरा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली पहाड़ियों और अरावली पर्वतमाला की परिभाषा को स्वीकार किया था। गहलोत ने कहा कि चार राज्यों की जनता ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लोग इस मुद्दे पर चिंतित हैं और विभिन्न रूपों में विरोध जता चुके हैं।

## चीन की हरकत देख भारत हिमालय पर सड़क, सुरंग और हवाई पट्टियों का कर रहा निर्माण

**-यह कदम 2020 में चीन के साथ एलएसी पर हुई घातक झड़प के बाद उठाया गया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन की हरकतों को देख भारत भविष्य के टकराव को देखते हुए हिमालय में अपनी सैन्य तैयारी को मजबूत कर रहा है। इसके लिए भारत सड़कों, सुरंगों और हवाई पट्टियों के निर्माण पर करोड़ों डॉलर खर्च कर रहा है। यह कदम 2020 में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुई घातक झड़प के बाद उठाया गया। उस झड़प ने 2200 मील लंबी विवादित सीमा पर भारत की सामान पहुंचाने की व्यवस्था बड़ी कमियों को उजागर कर दिया था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन दशकों से अपनी सीमावर्ती इलाकों में रेल और सड़कों का एक बड़ा नेटवर्क बना चुका है, लेकिन भारत अपने पहाड़ी सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों को तेजी से पहुंचाने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे के निर्माण में पीछे रह गया था। 2020 की झड़प में 14,000 फीट की ऊंचाई पर भारतीय और चीनी सैनिक डंडों और कांटेदार तारों से लिपटे क्लबों से हाथापाई कर रहे थे। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन अपने सैनिकों को कुछ ही घंटों में वहां पहुंचा सकता था, जबकि भारत को उस इलाके में अतिरिक्त सैनिकों को पहुंचाने में एक हफ्ते तक का समय लग सकता था।

रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व मेजर जनरल अमृतपाल सिंह लद्दाख में भारत-चीन सीमा के एक अहम हिस्से के पूर्व चीफ ऑफ ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स थे। उन्होंने एक बड़े बदलाव की बात कही। उन्होंने बताया कि यह सोच में एक बहुत बड़ा परिवर्तन था। उन्हें यह अहसास हुआ कि उन्हें अपने पूरे नजरिए को बदलने की जरूरत है। यह बदलाव सीमा पर भारत की रणनीति और तैयारियों को लेकर था। भारत के नॉर्दर्न कमांड के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि इन परियोजनाओं का एक मकसद ऊंचाई वाले सैन्य चौकियों को अलग-थलग पड़े नागरिक बस्तियों से जोड़ना है, खासकर उन जगहों को जो कड़ाके की सर्दी में कट जाती हैं। सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक जोजिला सुरंग है, जिसे उत्तरी भारत के पहाड़ों में करीब 11,500 फीट की ऊंचाई पर बनाया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक 750 मिलियन डॉलर से ज्यादा की इस सुरंग पर काम 2020 की सीमा झड़प के तुरंत बाद शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि करीब 9 मील लंबी यह परियोजना, जिसके दो साल में पूरा होने की उम्मीद है, लद्दाख में सीमा चौकियों तक सामान पहुंचाने के मुश्किल काम को आसान बना देगी। लद्दाख में भारी बर्फबारी के कारण ये चौकियां साल में 6 महीने तक कटी रह सकती हैं।

फिलहाल सामान ट्रकों या ट्रेनों से जम्मू और कश्मीर के पड़ोसी डिपो तक पहुंचाया जाता है। वहां से काफिले उन्हें लद्दाख की राजधानी लेह तक ले जाते हैं। लेह से छोटी गाड़ियां खराब रास्तों से गुजरती हैं और फिर पोर्टर और खच्चर समुद्र तल से 20,000 फीट ऊपर तक जरूरी सामान पहुंचाते हैं।

रिपोर्ट में बताया कि यह हर साल नियमित रूप से किया जाने वाला एक बहुत बड़ा लॉजिस्टिक्स का काम है। हर सैनिक को हर महीने करीब 220 पाउंड यानी करीब 100 किलो सामान की जरूरत होती है, जिसमें खाना, कपड़े और टूथपेस्ट जैसी रोजमर्रा की चीजें शामिल हैं। 30 सैनिकों वाली एक सामान्य चौकी, जिसमें पहरेदार चौकियां और बैरक शामिल हैं, हर दिन करीब 13 गैलन ईंधन की खपत करती है। जोजिला सुरंग यात्रा के समय को कई घंटों तक कम कर देगी और साल भर सामान की आवाजाही संभव बनाएगी। 1000 से ज्यादा निर्माण श्रमिक अत्यधिक ठंड में काम कर रहे हैं, जहां तापमान माइनस 40 डिग्री फारेनहाइट तक गिर सकता है। यहां एक बड़ी इंजीनियरिंग चुनौती श्रमिकों और बाद में डीजल से चलने वाली सेना की ट्रकों के लिए पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखना है। यह सब दिखाता है कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर कितना गंभीर है और चीन के साथ किसी भी टकराव के लिए खुद को तैयार कर रहा है। पहाड़ी इलाकों में बुनियादी ढांचे का विकास सैनिकों को तेजी से पहुंचाने और उन्हें जरूरी सामान उपलब्ध कराने में मदद करेगा, जो पहले एक बड़ी चुनौती थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902